हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • सोमवार • 02 दिसम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 351 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00


# नकली पहचान/ पार्सल स्कैम से सावधान रहें!



आरबीआई/बैंकों/सरकारी एजेंसियों/कूरियर कंपनियों के अधिकारियों के नाम से आने वाले ऐसे **साइबर अपराधियों** के ऑडियो/वीडियो कॉल से सावधान रहें, जो कानूनी कार्रवाई करने की **धमकी देते हैं** या **तुरंत पैसे की मांग** करते हैं या आपके बैंक खाते या डेबिट/क्रेडिट कार्ड को **फ्रीज़** या **ब्लॉक** करने का डर दिखाते हैं।

## क्या न करें

- **घबराएं नहीं** – धोखेबाज़ आपको फंसा सकते हैं
- कोई भी निजी/वित्तीय जानकारी **साझा न करें**
- भुगतान करने के लिए अज्ञात लिंक पर **क्लिक न करें**

## क्या करें

- हमेशा कॉल करने वाले/फ़ंड अनुरोध की **वास्तविकता की पुष्टि** करें
- cybercrime.gov.in पर **तुरंत रिपोर्ट करें** या 1930 पर सहायता के लिए कॉल करें




अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/fraud** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

जनहित में जारी
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### वजीरगंज में नकली बीज और खाद की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**वजीरगंज**। वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर भीण्डस के पास श्री ज़ीएस एग्रो प्रा.लि. बीज विधायन केंद्र के नाम से चल रहे एक फर्म के गोदाम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेरघाटी सहित अन्य पदाधिकारियों ने वजीरगंज थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में गेहूं के नकली बीज, खाद एवं अन्य रासायनिक कीटनाशक दवा के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री राम कंपनी लि गुड़गांव हरियाणा के डीसीएम अमरेंद्र कुमार राकेश ने बताया कि भीण्डस के पास संचालित श्री ज़ी एस एग्रो प्रा लि बीज विधायन केंद्र नामक फैक्ट्री में श्री राम कम्पनी के नकली बैग में साधारण गेहूं के बीज की पैकिंग करने एवं सप्लाई करने की सूचना पर वजीरगंज थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल के साथ वजीरगंज के कृषि विभाग के अधिकारियो के सहयोग से छापेमारी की गई। इस धंधे में संलिप्त प्रॉपराइटर हिमांशु पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही सैकड़ों बोरे गेहूं के बीज, विभिन्न कंपनियों के गेहूं बीज के रैपर, खाद व रासयनिक कीटनाशक दवा बरामद की गई है।

### आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा विज्ञान : प्रो. व्यास

**गया**। वजीरगंज प्रखंड के करजरा में स्थित स्वामी राघवेंद्राचार्य त्रिदंडी आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय में चल रहे पांच दिवसीय शिष्योणपनयन कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया गया। समापन समारोह दो सत्रों में संपन्न हुआ। पहले सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह अंतर्राष्ट्रीय जगत के जाने-माने थर्मल वैज्ञानिक प्रो. रंजीत कुमार वर्मा शामिल हुए। इस बीच उन्होंने विद्यार्थियों को आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, साथ ही आयुर्वेद में वर्णित समता के सिद्धांत पर जोर दिया। उन्होंने आयुर्वेद के सिद्धांतों को आधुनिक विज्ञान के अनुकूल शब्दों में शोध पर भी जोर दिया। कहा कि जब हम आयुर्वेद को आधुनिक समय के अनुकूल और आज की वैज्ञानिक भाषा में ढालेंगे तो आयुर्वेद पूरे विश्व में मान्य हो जाएगा। वहीं दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद नई दिल्ली के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. महेश व्यास शामिल हुए। प्रो. व्यास ने आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों से कहा कि आज पूरे विश्व में आयुर्वेद की मांग बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य में आयुर्वेद का योगदान महत्वपूर्ण है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनाया है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया द्वारा आयुर्वेद में अभिरुचि एवं आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इधर शासकीय निकाय के सदस्य अनूप केडिया ने भी स्वागत भाषण और कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थी अंजलि, श्रेया, खुशी, बाबुल, समीर आदि विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### एड्स जागरुकता को ले बनाई मानव श्रृंखला

**गया**। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में एनएसएस इकाई की ओर से प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण व एनएसएस पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी के संयोजन में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई। साथ ही एड्स बीमारी से सुरक्षा और सतर्कता हेतु कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों एवं छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया गया। प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी प्रथम, खुशी कुमारी व श्रुति कुमारी द्वितीय और मुस्कान कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

### रास्ता विवाद को लेकर मारपीट, पिता-पुत्री जख्मी

**हिलसा**। थाना क्षेत्र के खजुरबन्ना मोहल्ला में गुरुवार को रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट में पिता-पुत्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी में खजुरबन्ना मोहल्ला निवासी जमुना प्रसाद के 39 वर्षीय पुत्र उमाशंकर प्रसाद एवं उमाशंकर प्रसाद की 17 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी शामिल है। जख्मी उमाशंकर ने बताया कि घर में छत की ढलाई का कार्य हो रहा है। घर के आगे रास्ता मात्र तीन फिट है। पड़ोसी द्वारा खिड़की का पल्ला रास्ता में खोल दिया गया है। छत की ढलाई कार्य में परेशानी को देखते हुए मना करने पर आग बबूला होकर मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आई पुत्री को भी मार-पीटकर जख्मी कर दिया। स्थानीय लोग की सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मदन सिंह, उदय सिंह व विजय नारायण सिंह लगातार चौथी बार जीते



**टिकारी**। तृतीय चरण के पैक्स चुनाव का मतगणना कार्य शनिवार को टिकारी राज इंटर स्कूल के सभागार में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू किया गया। प्रखण्ड के 20 पैक्स में से 08 पैक्स की मतगणना पूरी कर दी गई। देर रात तक मतों की गिनती जारी है। 08 पैक्स में सिर्फ दो नये चेहरे ने पैक्स चुनाव की सहकारिता की राजनीति में उपस्थिति दर्ज कराई है। राज स्कूल के सभागार में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई और देर रात तक जारी रहा। प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी द्वारा सभी नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मतगणना का परिणाम आते ही राज स्कूल के मैदान में जुटी समर्थकों की भीड़ ने जयकारे लगा नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष के जयकारे लगाये। पैक्स चुनाव में बेलागंज की विधायक के पुत्र जदयू नेता रॉकी यादव के निजी अंगरक्षक मुन्ना कुमार यादव ने जीत दर्ज की। प्रखण्ड के दिघौरा पैक्स से पहली बार किस्मत आजमाने उतरे मुन्ना कुमार यादव ने निवर्तमान अध्यक्ष राम केवल यादव को तीन मत के निकटतम अंतर से मात देकर पैक्स अध्यक्ष का पद हासिल किया। मुन्ना पूर्व में सीआरपीएफ की नौकरी छोड़ चुके है। मुन्ना नौकरी छोड़ने के बाद से रॉकी यादव के अंगरक्षक के रूप में नौकरी शुरू की थी। मुन्ना पहली बार सहकारिता की चुनाव में कूदे थे व जीत दर्ज की। मुन्ना की जीत पर दिघौरा पंचायत मुखिया पति मुन्ना शर्मा सहित अन्य लोगो ने बधाई दी। मतों की गिनती के बाद निकटतम प्रतिद्वंदी ने आपत्ति जताई जिसके बाद आरओ वेद प्रकाश द्वारा पुनः वैध मतों की गिनती की गई।

### पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सेवा अवधि में विस्तार, राजगीर-गुरपा और पाटलिपुत्र-झंझारपुर स्पेशल 7 तक रोज चलेगी

**नालंदा**। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पांच महत्वपूर्ण मार्गों पर विशेष ट्रेन सेवाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय यात्रियों को अधिक सुविधा और परिवहन के बेहतर विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। गाड़ी सं. 12149/12150 पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस के रेक से चलाई जा रही गाड़ी संख्या 03350/03349 दानापुर-सहरसा-दानापुर स्पेशल अब 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक रोज चलाई जाएगी। गाड़ी सं. 13245/46/47/48 कैपिटल एक्सप्रेस के रेक से चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03319/03320 राजेन्द्रनगर-आरा-राजेन्द्रनगर स्पेशल अब 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक रोज चलाई जाएगी। गाड़ी सं. 13233/13234 दानापुर-राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक से चलाई जा रही गाड़ी संख्या 03322/03321 राजगीर-गुरपा-राजगीर स्पेशल अब 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक रोज चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 05574/05573 पाटलिपुत्र-झंझारपुर-पाटलिपुत्र स्पेशल अब 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक रोज चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 03347/03348 पटना-आरा-पटना स्पेशल अब 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक सप्ताह में तीन दिन रविवार, बुधवार और शुक्रवार को चलाई जाएगी।

# भाजपा प्रदेश मंत्री पर फायरिंग और लूट, कनपटी के पास से गुजरी बुलेट

## पीड़ित बोले, राजद विधायक के भाई ने किया जानलेवा हमला

निज संवाददाता। गया



गया में भाजपा प्रदेश मंत्री और चिलौर पंचायत के पैक्स प्रत्याशी अमित दांगी पर जानलेवा हमला हुआ। वे शनिवार की रात अपने क्षेत्र दरियापुर मीरगंज गांव से गुजर रहे थे। वे किसी से मिलने जा रहे थे। रास्ते में गाड़ी रुकवा कर उनपर हमला किया गया। सोने की चेन लूटकर जान से मारने की कोशिश की गई। फायरिंग भी हुई, बुलेट कान के पास से गुजरी। अपनी जान बचाने के लिए अमित एक घर में छिप गए। जिसके बाद घर के दरवाजे पर पत्थरबाजी हुई। अमित का आरोप है कि गुरुआ के राजद विधायक विनय यादव के भाई रौशन यादव, विधायक के पेट्रोल पंप के मैनेजर और एक मुखिया ने हमला किया है।

**लोगों के जुटने के बाद आरोपी फरार हो गए:** अमित ने कहा कि हमले की सूचना मैंने पहले थाना प्रभारी को दी। डीएसपी को भी फोन पर सूचना दी। इस बीच मौके पर स्थानीय लोग जुट गए। लोगों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। हमलोग थाना गए और 10 लोगों के खिलाफ शिकायत की। इस बीच हमारे साथ चल रहे प्रवीण नाम के शख्स पीछे छूट गए। उन्हें हमलावरों ने बूरी तरह से पीटा, उनका सिर फोड़ दिया।

**आरोप निराधार है:** विधायक विनय यादव ने मारपीट के सवाल पर कहा कि मुझे नहीं जानकारी है, मैं नहीं बता सकता हूं। रात भर प्रत्याशी पैसे बांट रहे थे। प्रतिद्वंदी ने डीएम-एसपी को सूचना दे दी। इनलोगों ने बीडीओ और सीओ को जानकारी दी। जनता मालिक होती है, वो तो पकड़ेगी ही। आरोप निराधार है। लोकतंत्र में मारपीट नहीं होनी चाहिए। मुझे सूचना नहीं है। चिलौर में तो अमित दांगी और रेखा दो प्रत्याशी हैं कौन पैसा बांट रहा नहीं पता।

**दो केस दर्ज किए गए हैं, आरोप की जांच की जा रही है:** शेरघाटी एएसपी शैलेश सिंह ने बताया कि अमित दांगी की शिकायत पर दो केस दर्ज किए गए हैं, एक जानलेवा हमला और दूसरा कार्यकर्ता से मारपीट का। दूसरी ओर, विपक्षी पार्टी ने भी अमित और उनके समर्थकों पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। चुनाव से ठीक पहले हुई इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है।

# परशुराय और नालंदा क्रिकेट क्लब की टीम विजयी




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला सीनियर क्रिकेट लीग में परशुराय क्लब और नालंदा क्रिकेट क्लब की टीम विजयी हुई। परशुराय क्लब ने रेस्ट ऑफ लीग को 12 रन से पराजित किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी परशुराय क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें ऋतिक ने शानदार बल्लेबाजी की। ऋतिक के 178 रन की पारी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनके साथ प्रिंस (41 रन) और सूरज (20 रन) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। बंगाली की 33/2 विकेट लेने की क्षमता भी उल्लेखनीय रही। रेस्ट ऑफ लीग के लिए शुभमकांत (56 रन), रामवर्धन (42 रन) और विराट (36 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन ब्रजेश, ह्रितिक और बिक्रम की तीन-तीन विकेट ने मैच का संतुलन परशुराय क्लब के पक्ष में कर दिया।

**पैंथर्स क्रिकेट क्लब 190 रन पर ऑल आउट:** एकंगरसराय के खेल मैदान पर नालंदा क्रिकेट क्लब ने पैंथर्स क्रिकेट क्लब को 179 रनों से हराया। नालंदा क्लब ने 40 ओवर में 362 रन बनाए, जिसमें अर्णव किशोर (151 रन) और मून्ना कुमार (105 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की। पैंथर्स क्रिकेट क्लब 28 ओवर में मात्र 190 रन पर ऑल आउट हो गया। दोनों मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी परवेज मुस्तफा, कुंदन, दीपक कुमार और रवि कुमार ने संभाली, जिन्होंने खेल की गरिमा बनाए रखी।

# कट्टा और सिक्सर के साथ युवक ने शेयर की फोटो

निज संवाददाता। गया



♦ गया में कई विवादों में नाम शामिल, पुलिस कर रही मामले की जांच

गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के चरोखरी गांव निवासी राकेश यादव की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें वो अपने हाथ में देशी कट्टा और कमर में सिक्सर लटकाए नजर आ रहा है। फोटो वायरल होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच के साथ युवक की तलाश में जुट गई है। बताया गया है कि यह तस्वीर खुद राकेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जानकारी के मुताबिक, युवक ने यह कदम समाज में अपनी दबदबा बनाने के लिए यह कदम उठाया है। वहीं, इस फोटो को देखने के बाद इलाके में लोगों के डर का माहौल बना हुआ है। फतेहपुर थाने के प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि वायरल तस्वीर की सत्यता की जांच की जा रही है। तस्वीर के पीछे की मंशा और हथियार की वैधता की भी पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अब तक इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। ना ही वायरल फोटो और फोटो में दिखने वाला युवक ही पकड़ा गया है।

# 125 करोड़ की लागत से टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना, गया सांसद जीतन राम मांझी ने की घोषणा

## तकनीकी प्रशिक्षण के साथ रोजगार का अवसर

निज संवाददाता। गया



गया स्थानीय सांसद और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने 125 करोड़ रुपए की लागत से टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की घोषणा की है। इस सेंटर बेरोजगार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी प्रदान करेगा। मंत्री मांझी ने बताया कि गया जिला पलायन और नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यहां एक उत्कृष्ट तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान की जरूरत महसूस की गई। पश्चिम बंगाल में जमीन की कमी के वजह से इस प्रोजेक्ट गया में स्थानांतरित किया गया है। आगे कहा कि गया के अलावा नालंदा, पूर्णिया, रोहतास, दरभंगा और सारण जिलों में टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। यह सेंटर युवाओं को तकनीकी दक्षता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में काफी मदद करेगी। साथ ही इस कदम से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई उड़ान भी मिलेगी।

**विकास को मिलेगी रफ्तार:** एमएसएमई मंत्रालय प्रवक्ता नंदलाल मांझी ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्देश्य न केवल रोजगार सृजन है, बल्कि पलायन को रोककर स्थानीय युवाओं को उनके घर के पास ही स्वरोजगार के अवसर देना है।

अगले दो वर्षों में गया में 1 लाख करोड़ रुपए तक के निवेश की योजना है। यह निवेश जिले के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके नेतृत्व में गया समेत बिहार के कई जिलों में विकास परियोजनाएं तेजी से चल रही हैं। टेक्नोलॉजी सेंटर जैसे प्रोजेक्ट न केवल युवाओं का भविष्य संवारेंगे, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी समाधान की राह भी तैयार करेंगे।

# गया का सरबदहा थाना 4 करोड़ के भवन में शिफ्ट

निज संवाददाता। गया



## आधुनिक सुविधाओं से पुलिस बल की कार्य क्षमता में होगी बढ़ोतरी

गया का सरबदहा थाना अब अपने नए और आधुनिक मॉडल भवन से संचालित होगा। सरबदहा ओपी को स्वतंत्र थाना के रूप में उत्क्रमित कर नए भवन में स्थानांतरित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर एसएसपी, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, पुलिस कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। नया थाना भवन 4 करोड़ रुपए से अधिक की लागत तैयार किया गया है। एसएसपी ने उद्घाटन समारोह में कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह नया भवन पुलिस बल की कार्य क्षमता को बढ़ाएगा। इससे न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर सेवाएं और सुरक्षा मिलेगी। नए भवन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के काम को सुगम बनाना और अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी करना है।

**पुलिसकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था:** स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना की। उनका मानना है कि नए मॉडल थाना भवन से क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। पूर्व के भवन में काफी दिक्कत थी। पुलिस कर्मियों को तमाम परेशानियों से गुजरना पड़ता था। उन समस्याओं को अब नहीं झेलना पड़ेगा। सरबदहा थाना का स्थानांतरण क्षेत्र के विकास और कानून व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एसएसपी ने इसे जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास बताया।

# नालंदा में आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर

निज संवाददाता। नालंदा



## सुबह 7:30 से 9 बजे तक उठा सकते लाभ, 11 विशेषज्ञ करेंगे स्वास्थ्य जांच

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा जिला शाखा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर रही है। आज 1 दिसंबर रविवार को शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक श्रृंखला ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए उपलब्ध होगी। जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों के कुल 11 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिशु रोग से लेकर स्त्री रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग और दंत चिकित्सा तक, स्वास्थ्य परीक्षण की व्यापक व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि शुगर जांच पूरी तरह से निःशुल्क होगी, जो कि मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी के प्रारंभिक निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक आयोजित शिविर बिहार शरीफ स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के परिसर में लगेगी।

**स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं:** शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग), डॉ. देवेंद्र प्रसाद (नेत्र रोग), डॉ. सुबोध कुमार (हड्डी रोग), डॉ. त्रिशला (स्त्री रोग) और डॉ. उदय देव रंजन (दंत चिकित्सक) प्रमुख हैं। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा, "स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम बढ़ाएं - यही हमारा संकल्प है।" यह शिविर न केवल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच प्रदान करेगा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बिहार को मिला प्रतिष्ठित इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 का सम्मान



निज संवाददाता। नालंदा

♦ अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए स्पोर्ट्स अवार्ड

देश का प्रतिष्ठित 'इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024' का अवार्ड शनिवार की शाम दिल्ली में FICCI कमीशन हॉल में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस साल बिहार को मिला है। इस अवार्ड को देने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया था। इस पुरस्कार को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने ग्रहण किया है। देश की प्रतिष्ठित संस्था FICCI की तरफ से इस अवार्ड को इमर्जिंग स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स' श्रेणी के अंतर्गत दिया जाता है। यह पुरस्कार फिक्की टर्फ 2024 के14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन का हिस्सा है। जिसके लिए इस साल खेल के क्षेत्र में निरंतर बढ़ती भागीदारी, उत्कृष्ट प्रयास और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के बेहतर और सफल आयोजन के मद्देनजर को देखते हुए बिहार को दिया गया।

**निर्णायक मंडल की टीम:** खेल और खेल उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों के निर्णायक मंडल की तरफ से इस सम्मान के लिए व्यक्ति और राज्य को चुना जाता है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रो कबड्डी लीग के सह संस्थापक चारु शर्मा हैं। अन्य प्रतिष्ठित लोगों में प्रसिद्ध खेल पत्रकार विजय लोकपल्ली,जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष पी के एस सागर ,मानव रचना समूह के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ,भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महाप्रबंधक अमृत माथुर ,एसएआई के कार्यकारी निदेशक मंजूश्री दयानंद ड्रीम 11 के कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल के अध्यक्ष दीपक जैकब, खेल पत्रकार एंकर सोनाली चंदरचारु शर्मा, जूरी की अध्यक्ष - सह संस्थापक पीकेएलविजय लोकपल्ली - खेल पत्रकारपी के एस वी सागर - अध्यक्ष, जीएमआर स्पोर्ट्सडॉ. अमित भल्ला - उपाध्यक्ष, मानव रचना समूहअमृत माथुर, पूर्व महाप्रबंधक, भारतीय क्रिकेट टीममंजूश्री दयानंद - कार्यकारी निदेशक, एसएआईदीपक जैकब - अध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले समूह जनरल काउंसल, ड्रीम 11सोनाली चंदर - खेल एंकर पत्रकार शामिल हैं।

# दो नाबालिगों ने बच्ची के साथ किया गैंगरेप, एक पकड़ाया

निज संवाददाता। नालंदा



♦ दूसरे की तलाश जारी, पकड़े गए आरोपी ने 5 महीने पहले प्रिंसिपल पर की थी फायरिंग

नालंदा के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिक छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी नाबालिग हैं। मामले की जानकारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जिस आरोपी को पकड़ा गया है, उसने 5 महीने पहले पुलिस पर फायरिंग की थी। गैंगरेप की घटना 30 नवंबर यानी शनिवार की रात करीब 8:45 बजे की है। वारदात के बाद घर पहुंची पीड़िता ने परिजन को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता को लेकर पुलिस के पास पहुंचे। तेल्हाड़ा पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को पहले एकंगरसराय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। यहां प्राथमिक इलाज के बाद पीड़िता को सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया।

**पीड़िता के बयान पर पुलिस ने दर्ज किया मामला:** पीड़िता के बयान के आधार पर तेल्हाड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने एक आरोपी को पकड़ लिया। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**वारदात के दौरान घर में अकेली थी नाबालिग:** बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना को जब अंजाम दिया गया, तब वो घर में अकेली थी। बच्ची के माता-पिता कामकाज को लेकर घर से बाहर थे। बच्ची घर के बाहर मसाला पीस रही थी। जैसे ही वो घर के अंदर पहुंची, पीछे से दोनों नाबालिग आरोपी भी अंदर पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। आरोपी दोनों नाबालिग और पीड़िता एक ही गांव के हैं, लिहाजा वे एक-दूसरे को पहले से जानते-पहचानते हैं।

**माता-पिता घर लौटे तो पीड़िता ने दी जानकारी:** परिजन जब कामकाज निपटा कर घर लौटे तो बच्ची ने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर स्थानीय थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी। स्थानीय पुलिस की ओर से जानकारी के बाद एसपी नालंदा तेल्हाड़ा पहुंचे और नाबालिग आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया।

Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

**सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जीता खिताब**

**टैक्स चोरी करने वालों की सूचना देने वालों को पुरस्कार देगी हरियाणा सरकार**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 02 दिसम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 351 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹78,000 | ₹91,500 |




## आज का इतिहास

- **2014 :** भारतीय राजनेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले का निधन हुआ।
- **1989 :** विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भारत के 7वें प्रधानमंत्री बने।

## न्यूज बाइट्स

### रेलवे ने पिछले दशक में की पांच लाख युवाओं की भर्ती

**बिलासपुर/नयी दिल्ली (ए.)।** भारतीय रेलवे ने वर्ष 2014-2024 के दौरान लगभग पांच लाख से अधिक युवाओं की भर्ती की है, जो पिछले दशक के पूर्व के दशक की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक है। यह रेलवे द्वारा रोजगार क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। पहली बार भारतीय रेलवे ने रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया है। सभी रिक्तियों की अधिसूचनाएं समयबद्ध तरीके से जारी की गईं। रोजगार कैलेंडर के तहत फरवरी 2024 में सहायक लोको पायलट (एएलपी) के 18,799 पदों के लिए अधिसूचना प्रकाशित की गई।

### पटना मैराथन ने रचा इतिहास : नशा मुक्त बिहार की ओर दौड़े कदम

**पटना (नि.सं.)।** बिहार मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पटना मैराथन में 'रन फॉर नशामुक्त बिहार' अभियान को जोरदार समर्थन मिला, जिसमे बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया । राजधानी पटना के गांधी मैदान में पटना मैराथन का आयोजन किया गया। पटना मैराथन का उद्देश्य बिहार को नशामुक्त बनाना, लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना था। मैराथन में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### आलू रोकने के मामले में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

**रांची (नि.सं.)।** पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर आलू के वाहन रोकने की खबरों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निदेश दिया। मुख्य सचिव श्रीमती तिवारी ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है।

### 5 दिसंबर को मुंगेर में होगा मैराथन दौड़ का आयोजन

**मुंगेर (नि.सं.)।** चार दिसंबर को मुंगेर स्थापना दिवस मनाया जाएगा, स्थापना दिवस के दूसरे दिन पांच दिसंबर को पहली बार मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ की वजह से बड़े वाहनों का परिचालन सुबह पांच बजे से एक बजे तक नहीं होगा। वहीं छोटे वाहनों के रूट बदले जाएंगे। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन 4 दिसंबर को केक कटिंग सेरेमनी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद मद्य निषेध, बाल-विवाह रोकथाम और दहेज मुक्त बिहार को लेकर मानव श्रंखला व प्रभात-फेरी का आयोजन किया जाएगा।

### आज से ट्रांसफर के लिए अप्लाई करेंगे शिक्षक

**पटना (नि.सं.)।** ट्रांसफर की आस लगाए बिहार के शिक्षकों का इंतजार खत्म हो चुका है। शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए आज से आवेदन लिए जाएंगे। टीचर्स को ट्रांसफर के लिए 15 दिसंबर तक ऑनलाइन मोड में ई-शिक्षा कोष पर अप्लाई करना होगा। ये सभी के लिए मेंडेट्री नहीं होगा।

---

दिसंबर महीना शुरू हो गया है, महीने की पहली तारीख से कई फाइनेंशियल रूल्स बदले

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी

एजेंसी | नई दिल्ली



दिसंबर महीना शुरू हो गया है। महीने की पहली तारीख से कई फाइनेंशियल रूल्स बदल गए हैं। इसके अलावा कई चीजों की कीमतों में बदलानव हुआ है। इन सब बड़े बदलावों का असर आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ता है।

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट किया गया है। रविवार से कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों इजाफा हुआ है। इनके दाम में 16.5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में घरेलू सिलेंडर की कीमत 803 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1818.50 रुपये है। रविवार से जेट ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। यह लगातार दूसरा महीना है जब जेट फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है। दिसंबर में एटीएफ की कीमतों में 4,000 रुपये प्रति किलोलीटर से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस इजाफा के बाद माना जा रहा है कि हवाई सफर की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### ओटीपी नियमों में बदलाव

रविवार से ओटीपी नियमों में बदलाव हो गया है। नए नियमों के अनुसार टेलीकॉम कंपनियों ने ओटीपी संबंधित ट्रेसेबिलिटी नियम को लागू कर दिया है। यह नियम फ्रॉड और फिशिंग को रोकने में मदद करेगा। इसके अलावा अब टेलीकॉम कंपनियों द्वारा सभी मैसेज को ट्रैस कर पाएंगे। आरबीआई ने दिसंबर महीने के लिए बैंक हॉलिडे लिस्ट जारी कर दिया है। इस लिस्ट के अनुसार दिसंबर में कुल 17 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसमें साप्ताहिक अवकाश के साथ फेस्टिवल हॉलिडे भी शामिल है।

### क्रेडिट कार्ड रूल्स चेंज

रविवार से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्रेडिट कार्ड नियमों में बदलाव हुआ है। नए नियम के अनुसार अब डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म्स या मर्चेंट से लेनदेन पर कोई रिवाई प्वाइंट नहीं मिलेंगे। नवंबर तक इन लेन-देन पर रिवॉर्ड्स प्वाइंट मिलते थे।

## 8.5% बढ़कर 1.82 लाख करोड़ हुआ जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली (ए.)।** घरेलू लेनदेन से अधिक रेवेन्यू मिलने से नवंबर में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा। नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.68 लाख करोड़ रुपये था। अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ दूसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह था। अब तक का सबसे अधिक संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये हो गया। इस महीने के दौरान 19,259 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.9 प्रतिशत कम है।




## अपार आईडी कार्ड बनाने में देरी पर शिक्षा विभाग का एक्शन, बिहार के 25 जिलों के डीईओ को शोकॉज

- राज्य का लक्ष्य 1 करोड़ 49 लाख 92 हजार 596 बच्चों का अपार कार्ड बनाना है, लेकिन अब तक केवल 8 लाख 30 हजार 704 कार्ड बने हैं।
- 21 से 25 नवंबर तक अपार कार्ड निर्माण के लिए विशेष अभियान चलाया गया था, जिसे जिला, प्रखंड, संकुल और विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया।




निज संवाददाता | पटना

बिहार शिक्षा विभाग ने राज्य के 25 जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) से अपार आईडी निर्माण में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग ने इन जिलों को एक पत्र जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है, साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि यदि समय पर स्पष्टीकरण नहीं मिला, तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। जिन जिलों में अपार कार्ड निर्माण में देरी हो रही है, उनमें पटना समेत सारण, बक्सर, गया, पूर्वी चंपारण, दरभंगा, कटिहार, किशनगंज, मधुबनी, सहरसा, जहानाबाद, शिवहर, सीतामढ़ी, भोजपुर, बेगूसराय, जमुई, गोपालगंज, लखीसराय, पश्चिम चंपारण, अररिया, अरवल, बांका, सिवान, मुजफ्फरपुर और मधेपुरा शामिल हैं।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने 29 नवंबर को अपार कार्ड निर्माण की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें यह सामने आया कि राज्यभर के 96,944 स्कूलों में से केवल 29,910 स्कूलों ने ही बच्चों का अपार कार्ड बनाने का काम शुरू हुआ है। राज्य का औसत प्रतिशत केवल 5.54 प्रतिशत है, जबकि 38 जिलों में से 25 जिले इस मामले में औसत प्रतिशत से भी कम काम किया है। ये जिले बिहार के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं, क्योंकि राज्य सरकार का लक्ष्य 1 करोड़ 49 लाख 92 हजार 596 बच्चों का अपार कार्ड बनाना है, लेकिन फिलहाल केवल 8 लाख 30 हजार 704 बच्चों के कार्ड बनाए गए हैं, जो लक्ष्य से काफी पीछे है।

पटना जिले की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां 4,926 स्कूलों में से सिर्फ 318 स्कूलों में ही अपार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है, जो राज्य के औसत से भी बहुत कम है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

इसके विपरीत, वैशाली जिला अपार कार्ड निर्माण में सबसे आगे है, जहां राज्य के औसत 5.54 प्रतिशत के मुकाबले 17.44 प्रतिशत कार्ड बनाए गए हैं। इसके साथ ही, 21 से 25 नवंबर तक राज्यभर में अपार कार्ड निर्माण के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था, जिसे जिला, प्रखंड, संकुल और विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कई जिलों में कार्य की गति बहुत धीमी रही।

इस पूरे मामले को देखते हुए शिक्षा विभाग ने अब उन जिलों के डीईओ से सख्ती से जवाब मांगा है, जहां अपार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में लापरवाही बरती जा रही है। अगर इन जिलों में समय पर सुधार नहीं किया गया, तो शिक्षा विभाग उन पर कठोर कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

## जय शाह ने आईसीसी चेयरमैन का पद संभाला

**नई दिल्ली (ए.)।** जय शाह आईसीसी के 16वें चेयरमैन हैं। उन्हें 27 अगस्त को चुना गया था। उनका कार्यकाल 1 दिसंबर से शुरू हुआ है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी का चेयरमैन पद संभाल लिया है। न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले की जगह लेने वाले 36 साल के जय शाह आईसीसी के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बन गए हैं। आईसीसी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। संस्था ने रविवार को लिखा-आईसीसी चेयरमैन के तौर पर जय शाह का कार्यकाल शुरू होने के साथ ग्लोबल क्रिकेट का नया चैप्टर शुरू हुआ है। पद संभालने के बाद शाह ने अपने पहले बयान में कहा कि क्रिकेट के अलग-अलग फॉर्मेट्स को बढ़ावा मिले और महिला क्रिकेट में और तेजी लाना हमारी प्राथमिकता है।



## मिट्टी धंसने से चार बच्चियों की मौत, मरने वालों में दो सगी बहनें

सभी बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं, तभी उनके ऊपर मिट्टी का टीला भरभरा कर गिर गया

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में मिट्टी के पुराने टीले में दबकर 4 बच्चियों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 सगी बहनें हैं। जबकि 6 साल की शिवानी मां-पिता की इकलौती संतान थी। वहीं एक बच्ची घायल हो गई। घायल बच्ची ने बताया कि 'हम पांचों मिट्टी लाने गए थे। मिट्टी खोद रहे थे, तभी टीला ढह गया और हम सभी उसमें दब गए।

घटना राजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरेंजा राजकीय बुनियादी स्कूल के पास की है। सभी बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं, तभी उनके ऊपर मिट्टी का टीला भरभरा कर गिर गया। जिसमें पांचों दब गई। बच्चों के हल्ला करने पर आसपास के लोग पहुंचे। मलबा हटा तो सभी को बाहर निकाला गया। सभी को हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां चार बच्चियों की मौत की पुष्टि की गई है। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सरेंजा में एक महादलित बस्ती है। स्कूल के पीछे बच्चियां मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान टीला बच्चों के ऊपर गिर गया। 4 बच्चियों की जान गई है। एक जख्मी है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

मिट्टी में दबी बच्चियों को निकालने वाले सरेंजा निवासी लालचंद राम ने कहा कि 'स्कूल की बाउंड्री के पास हम लोग बैठे हुए थे। बच्चों का हल्ला सुनकर जब पहुंचे, तो वहां केवल मिट्टी ही मिट्टी दिख रही था। हमारी चाची बोली कि बच्ची इसी में दब गई है। मौके पर कुछ दिखा नहीं तो मैंने मिट्टी हटानी शुरू ती। तब-तक कुछ और लोग आकर मिट्टी को हटाने लगे। सबसे पहले नयनतारा को देखा, जिसके मुंह से ब्लड आ गया था। इससे यह लगा कि उसकी मौत मौके पर हो गई है। शिवानी को निकालने के बाद भी मिट्टी को अंदर तक हटा कर देखा गया। हम लोग संतुष्ट हुए कि कोई नहीं है, तो हम वहां से हटे। शिवानी के पिता रमेश ने कहा कि घटना के वक्त हमलोग घर पर काम कर रहे थे। तभी पता चला कि बच्चियां मलबे में दब गई हैं। सभी बच्चियों के पीछे मेरी बेटी भी मिट्टी लाने चली गई थी। इसकी हमें जानकारी नहीं थी। जब बच्चियां दब गई, तब पता चला कि मेरी बेटी भी घटनास्थल पर गई थी। हम बाहर रह कर नमकीन बनाते हैं। अभी छठ की छुट्टी में घर आए थे। मुझे सिर्फ एक लड़की थी। 2013 में शादी हुई थी। अभी कुछ दिन पहले ससुराल आए हुए थे। मृतका नयनतारा और शालिनी के पिता श्यामनारायण राम ने बताया कि घटना के वक्त हमलोग घर में बैठे थे। गांव में हल्ला होने पर हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे। तभी देखा कि मेरी दोनों बेटी मलबे में दबी थी। 2005 से हम घर पर ही रहते हैं। कोई काम नहीं करते हैं। 2005 में मेरा पैर डैमेज हो गया था, तभी से दिव्यांग हैं। 2 बेटा और 3 बेटी थी। आज 2 बेटी की मौत हो गई।

## खंभे से टकराई एम्बुलेंस, एक ही परिवार के चार की हुई मौत



निज संवाददाता | सिवनी

सिवनी में राहगीर को टक्कर मारने के बाद एम्बुलेंस खंभे से टकरा गई। इसके बाद सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी। हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हैं। मृतकों में 3 साल का बच्चा शामिल है। एक्सीडेंट रविवार सुबह करीब 9 बजे जबलपुर रोड पर धारपाठा गांव के पास हुआ। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि एम्बुलेंस आंध्र प्रदेश के कुरनूल से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। इसी दौरान धूमा के धारपाठा गांव के पास ड्राइवर का नियंत्रण हट गया। एम्बुलेंस ने पहले पैदल जा रहे एक राहगीर को टक्कर मारी, फिर अनबैलेंस होकर खंभे से टकरा गई। इसके बाद सड़क से उतर गई। टीआई धुर्वे ने कहा, एम्बुलेंस में 8 लोग सवार थे। जिनमें से प्रतिमा देवी, मुकेश और प्रिंस (3) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सुनील शाह ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है।

## वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और सुधार के लिए बिहार सरकार के ठोस प्रयास

निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इस दिशा में माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राज्य में प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करना और बिहार की पर्यावरण स्थिति को बेहतर बनाना था। इस बैठक में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी. के. शुक्ला और सदस्य सचिव श्री नीरज नारायण भी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य में वायु प्रदूषण के स्तर की समीक्षा की गई। इस समय राज्य की वायु में सूक्ष्म धूल कण जैसे पीएम 2.5 और पीएम10 की मात्रा मानकों से अधिक पाई जा रही है, जो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को प्रभावित कर रही है। हालांकि, राज्य में सल्फर डाईऑक्साइड (एसओ2) और नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओ2) जैसे गैसीय प्रदूषकों की मात्रा राष्ट्रीय मानकों से कम पाई गई है। माननीय मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि उनके सफल मार्गदर्शन में राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार देखा जा रहा है। खासतौर से पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विभिन्न कठोर कदम उठाए जा रहे हैं, जैसे कि फ्यूल्स और तकनीकों में सुधार, ताकि वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। निति आयोग द्वारा आयोजित एक समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर थर्मल पावर प्लांटों से होने वाले वायु प्रदूषण पर ध्यान केंद्रित किया गया। अध्ययन में पाया गया कि सल्फर डाईऑक्साइड जैसे प्रदूषक ताप विद्युत संयंत्रों से बहुत कम मात्रा में उत्सर्जित हो रहे हैं, जिससे यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है।

### राज्य में दहन प्रक्रिया की समीक्षा

बैठक के दौरान, राज्य में स्थित राष्ट्रीय थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के छह संयंत्रों की भी समीक्षा की गई। इन संयंत्रों के प्रदूषण नियंत्रण उपायों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। राज्य में अन्य ताप विद्युत संयंत्रों में थर्मल पावर संयंत्र लगाने की दिशा में प्रगति हो रही है। यह कदम राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## पदस्थापना वाले जिले में ही शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के शिक्षकों को अगले साल से उनके पदस्थापना वाले जिले में ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में शिक्षकों की हाजिरी बायोमेट्रिक माध्यम से ली जाएगी। अभी तक की व्यवस्था में शिक्षकों को राज्य मुख्यालय या अन्य जिलों में जाकर आवासीय प्रशिक्षण लेना पड़ता है।

### महिला शिक्षकों को परेशानी

राज्य मुख्यालय या अन्य जिलों में जाकर प्रशिक्षण लेने के दौरान शिक्षकों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी महिला शिक्षकों को होती है। नई व्यवस्था से महिला शिक्षकों को प्रशिक्षण लेने में आसानी होगी। इसे लेकर शिक्षा विभाग की ओर से कार्य योजना तैयारी की गई है, जिसे जनवरी से लागू किया जाएगा।

## तीन या पांच दिसंबर को कैबिनेट विस्तार जल्द तय हो सकते हैं मंत्रियों के नाम

निज संवाददाता | (झारखंड) रांची



झारखंड में नई सरकार के गठन के बाद से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में कांग्रेस कोटे से जिन नामों को शामिल किया जाएगा, उसकी तस्वीर जल्द ही साफ हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और फिर दिल्ली रवाना हो गए हैं। खबर है कि कमलेश महतो दिल्ली में पार्टी आलाकमान से मुलाकात करेंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सुझाए गए मंत्रियों के नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, 3 या 5 दिसंबर तक मंत्रिमंडल विस्तार की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। इस बार मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री के अलावा झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच कांग्रेस में मंत्री पद को लेकर किचकिच भी जारी है, और कई नामों पर अंतिम विचार हो रहा है।

कांग्रेस में मंत्री पद को लेकर स्पष्टता न होने से कैबिनेट विस्तार में देरी हो रही है। इसके अलावा दलीय समीकरण भी मंत्रियों के चयन में अड़चन डाल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अगर राजद से सुरेश पासवान को जगह मिलती है तो गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जा सकता। वहीं, अगर संजय प्रसाद यादव को जगह दी जाती है, तो फिर प्रदीप यादव का पत्ता कट सकता है। इसके अलावा, यदि सुरेश पासवान को जगह नहीं मिलती है तो पलामू से कांग्रेस के रामचंद्र सिंह का नाम चर्चा में आ सकता है। इस बीच रामगढ़ से हाल ही में जीती ममता देवी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

गांधी मैदान में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला में दो दिनों में 47 हजार किसान पहुंचे

## किसानों पर सौगात की बौछार, दो दिनों में बंटे 1.85 करोड़, पटना में बिके 306 कृषि यंत्र

निज संवाददाता | पटना



पटना गांधी मैदान में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला में दो दिनों में 47 हजार किसान पहुंचे। 302 कृषि यंत्रों की बिक्री हुई। विभिन्न कृषि यंत्रों पर कृषि विभाग की ओर से किसानों को 1 करोड़ 85 लाख रुपए अनुदान दिए गए। शनिवार को मेला में पटना, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, वैशाली एवं शिवहर जिले के 3960 किसान विभाग द्वारा बुलाए गए। किसान पाठशाला में प्रतिभागी किसानों को कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बागवानी में कृषि यंत्रों का परिचालन विधि, रख-रखाव और मरम्मत, दलहनी एवं तेलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती तथा कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण में उपयोग में आने वाले मशीनरी की तकनीकी जानकारी दी गई। कृषि यंत्र मेला में तीन पहिया ट्रैक्टर, सोलर बैट्री चालित स्प्रेयर और सुगर केन हार्वेस्टर आकर्षण का केंद्र हैं। कृषि यांत्रिकीकरण योजना बिहार के सभी जिलों में लागू है। इसके अंतर्गत खेत की जुताई, बुआई, निकाई, गुराई, सिंचाई, फसल की कटाई इत्यादि कार्यों के लिए 110 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों को बढ़ावा देने के लिए उन पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा जीविका समूह एवं प्रगतिशील किसान समूह को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए कृषि यंत्र बैंक योजना चलाई गई है, जिसके अंतर्गत 10 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

### तीन पहिया ट्रैक्टर

यह ट्रैक्टर 10 एचपी इंजन के साथ पुराने ट्रैक्टर से संबंधित सभी प्रकार के कृषि कार्य करने में सक्षम हैं। इससे जुताई के साथ-साथ बुआई, कटाई एवं माल ढुलाई भी की जा सकती है।

### सुगर केन हार्वेस्टर

यह यंत्र गन्ना की खेती करने वाले कृषकों के लिए उपयोगी है। यह मशीन गन्ने की हार्वेस्टिंग कर छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर सीधे ट्रैक्टर के ट्रॉली में लोड कर देता है।

## स्वास्थ्य विभाग में 1232 एक्सरे टेक्नीशियन की बहाली जल्द

निज संवाददाता | पटना

राज्य के स्वास्थ्य विभाग में 1232 एक्सरे टेक्नीशियनों की शीघ्र बहाली की जाएगी। यह बहाली स्थायी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग को बिहार एक्सरे टेक्नीशियर संवर्ग के मूल कोटि के पद पर एक्सरे टेक्नीशियन के रिक्त पदों के लिए 1232 संख्या में नियमित नियुक्ति करने का प्रस्ताव भेज दिया है। रविवार को इस बात की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार नियुक्तियां कर रही है। राज्य के युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में सरकार संवेदनशील है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग में भी विभिन्न पदों पर बंपर बहाली करने जा रही है। उन्होंने बताया कि एक्सरे टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। इससे अस्पतालों में एक्सरे सेवा बेहतर होगी और इसका लाभ मरीजों को मिलेगा। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में स्वास्थ विभाग की सेवाएं लगातार उन्नत हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार की यात्रा का कोई असर नहीं होगा

**आरा**। आगामी 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जल्द ही बिहार यात्रा शुरू करने वाले हैं। इसको लेकर प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा की थी, लेकिन उससे कितना बिहार की समस्याओं का समाधान हुआ? आगे कहा कि आपने जनता का सबसे अधिक विश्वास तोड़ा। 30 वर्षों से बिहार में लालू और नीतीश का ही शासन रहा है, लेकिन इन 30 वर्षों में न तो बिहार से गरीबी कम हुई, न पलायन रुका, न बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था सुधरी और न ही रोजगार के अवसर मिले। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों ने सवाल करते हुए पूछा, आप किस समाधान या विश्वास की बात कर रहे हैं? प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि जनता अब इतनी बेवकूफ नहीं है। यात्रा में भीड़ दिखेगी। लोग पैसे के बल पर और जाति के नाम पर इकट्ठा होंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ाई जा सकती है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए बैठक

**आरा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय आरा में शनिवार को 14 दिसंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कार्यपालक विभाग, इंश्योरेंस विभाग एवं सभी बैंक के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार ने बताया कि सभी विभागों से बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वाद का निष्पादन हो सके इसका लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी न्यायालय से नोटिस संबंधित थाना को निर्गत किया जा चुका है। सचिव गौतम कुमार ने बताया कि जिन सुलहनीय वादों में पक्षकार गण को नोटिस या सूचना प्राप्त नहीं हो और वह सुलह करना चाहते हैं वैसे स्थिति में पक्षकार गण कार्यालय से सीधे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बैठक में कार्यपालक विभाग, खनन विभाग, मापतौल, विद्युत, दूरसंचार, इंश्योरेंस के पदाधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण और बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### काला बिल्ला लगा मानव बल ने छठे दिन भी जताया विरोध

**कोईलवर**| विद्युत शक्ति उपकेंद्र कोईलवर के मानव बल ने शनिवार को लगातार छठे दिन भी अपनी मांगों के समर्थन में काला बिल्ला लगाकर काम किया। विद्युत शक्ति उपकेंद्र कोईलवर में कार्यरत मानव बल राम विनय राय, साबिर, मो. इक़बाल उर्फ चुन्नू, कुंदन, मुकेश, लालू तिवारी राजू पंडित, विजय, धर्मेन्द्र मिश्रा, बब्लू, खदेरन, हरे कृष्णा व राहुल ने विरोध जताते हुए कम से कम 21 हजार रुपये मानदेय देने और एजेंसी से मुक्त कर साऊथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी से सेवा लेने की बात कही व एजेंसी से मुक्त करने मांग किया। मानव बलों ने बताया कि हम लोग बिजली विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर चौबीस घंटे काम करते हैं। ठंड हो, बरसात हो या गर्मी हम लोग सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रखने में दिन-रात लगे रहते हैं। इस कार्य में जोखिम भी है बावजूद इसके निजी एजेंसी की ओर से उचित मानदेय नहीं दी जाती है।

### लोक सेवा प्रदायगी में बिहार का नंबर-1 जिला बना बक्सर

**बक्सर**। बक्सर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता का परिचय देते हुए लोक सेवा प्रदायगी में पूरे बिहार में पहला स्थान हासिल किया है। बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत आम जनता को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में बक्सर जिला ने लगातार तीसरी बार यह सफलता प्राप्त की है। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा अक्टूबर 2024 में जारी रैंकिंग में बक्सर जिला को 100 में से 89.993 अंक मिले।यह रैंकिंग समय सीमा में सेवा प्रदायगी, अपीलों के निपटान, दंड राशि की वसूली, और लोक सेवा केंद्रों के निरीक्षण जैसे मापदंडों पर आधारित है। अक्टूबर 2024 में बक्सर में जाति, आय, आवास, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य सेवाओं के लिए कुल 75226 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया गया।जिला पदाधिकारी की सक्रियता और टीम वर्क का यह परिणाम है।प्रत्येक माह लोक सेवकों के साथ बैठक कर सेवाओं में सुधार सुनिश्चित किया जाता है। समय सीमा का पालन न करने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत सभी प्रखंडों में सिंगल विंडो सुविधा उपलब्ध है। अब लोग ऑनलाइन आवेदन करके भी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।यह सफलता बक्सर जिला प्रशासन और जनता के बीच बेहतर तालमेल और सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता का परिणाम है। लगातार तीन बार पहला स्थान हासिल करना बक्सर के लिए गर्व की बात है।

### न्यूनतम तापमान में 1.1 डिग्री की कमी, सुबह- शाम बढ़ी ठंड

**बक्सर**। जिले का न्यूनतम पारा 11 ड्रिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। 10 डिग्री से नीचे आने पर कोल्ड डे की स्थिति आ सकती है। शनिवार को अधिकतम तापमान 28.8 तो न्यूनतम 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप निकली। जबकि सुबह में हल्का धुंध छाने के साथ ठंड में बढ़ोतरी महसूस हुई। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने से दिन में ठंड से राहत मिल रही है। धूप गुनगुना लग रहा है। हालांकि शाम होते हीं ठंडक में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। देर रात में और ठंड बढ़ रही है, जिससे लोगों को अब कंबल की जरूरत पड़ रही है। दिन-रात के तापमान में लगभग 17 डिग्री के अंतर रहने से लोगों के स बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। खांसी-सर्दी व सांस संबंधी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। हड्डी व जोड़ों में दर्द के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। हाथ व पैर के जोड़ों में दर्द व पैरों में अकड़न की सबसे अधिक शिकायत लेकर मरीज सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। अस्पतालों में ठंडजनित मरीजों की बढ़ रही संख्या बढ़ते ठंड के बीच अस्पतालों में हड्डी व जोड़ों में दर्द के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। हाथ व पैर के जोड़ों में दर्द व पैरों में अकड़न की सबसे अधिक शिकायत लेकर मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं। सदर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास कुमार पाण्डेय ने बताया कि ठंड में तापमान में गिरावट के कारण नसें सिकुड़ने लगती हैं और शरीर में विटामिन डी की कमी के कारण हड्डी व जोड़ों की तकलीफ बढ़ जाती है। हड्डियों में लचीलापन की कमी आ जाती है। जिससे जोड़ों में अकड़न की समस्या होती है। प्राणयाम और व्यायाम करने से हड्डियों को गर्माहट मिलती है। जिससे हड्डियां लचीली बनी रहती हैं। सर्दियों में धूप सेंकना भी जरूरी है। किसानों के लिए 4 सलाह गेहूं की बुआई के बाद बेहतर अंकुरण के लिए खेत में पाटा चलाएं जिन खेतों में नमी खत्म हो गई हो, उसकी जुताई कर खेत तैयार करें आलू के अगात पौधे को कीट से बचाने के लिए दवा का स्प्रे करें रबी मक्का के पौधे की सिंचाई के साथ तनाछेदक से बचाने के लिए करें स्प्रे

### राज्य स्तरीय हैंडबॉल के लिए टीम रवाना

**बक्सर**| राज्य स्तरीय विद्यालय हैंडबॉल अंडर -19 (बालक) खेलकूद प्रतियोगिता की टीम को नालंदा के लिए रवाना हो गई। बता दें कि खेल विभाग बिहार पटना एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के खेल कार्यक्रम 2024-25 के निर्देशन में नालंदा में राज्य स्तरीय विद्यालय हैंडबॉल U-19 (बालक) खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जहां 1 दिसम्बर से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है। राज्य स्तरीय विद्यालय हैंडबॉल अंडर -19 (बालक) खेलकूद प्रतियोगिता की टीम को नालंदा के लिए पोशाक देकर रवाना किया गया। जिले के चयनित खिलाड़ी अन्डर-19 सौम्य कुमार, आयुष राज पांडेय, कृष्णा कुमार, हिमांशु राज, रोहित पांडेय, रौशन पांडेय, हर्षित सरवन, आदित्य शर्मा, राहुल कुमार है। जिसके टीम प्रशिक्षक के रूप संजय कुमार एवं टीम प्रभारी के रूप में सत्येंद्र सिंह यादव को बनाया गया है। अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता सह उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ने सभी खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों को शुभकामानाऐं दी।

# भोजपुर में संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ 5 दिन पहले मुंबई से लौटा था गांव, नहीं था किसी से कोई विवाद

भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद हुआ है। शव नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव के यादवपुर टोली स्थित गोवर्धन पहाड़ के पास से शनिवार को बरामद किया गया है। मृतक की पहचानमड़नपुर गांव निवासी केदार साह के पुत्र राजू साह (25) के रूप में हुई है। युवक मुंबई में रहकर एक दुकान पर काम करता था। परिजन ने ठंड लगने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के भतीजे सतेंद्र साह ने बताया कि वह पांच दिन पहले ही मुंबई से वापस गांव लौटा था। घर से टहलने के लिए निकला था। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया पर नहीं मिला। ग्रामीणों ने कुछ समय बाद सूचना दिया कि वो मड़नपुर गांव स्थित यादव टोली में गोवर्धन पहाड़ के पास बेहोश पड़े हैं। जिसके बाद मौके पर परिजन पहुंचे तो देखा कि उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई।

**किसी ने नहीं थी कोई दुश्मनी**: सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं, पूछताछ करने पर सतेंद्र साह ने गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद और दुश्मनी की बातों साफ इनकार किया है। किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का कोई आशंका या आरोप नहीं लगाया है। जिसके बाद जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत ठंड लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है

## बक्सर में मिट्टी में दबकर 4 बच्चियों की मौत

निज संवाददाता। बक्सर




♦ मरने वालों में 2 बहनें, एक इकलौती संतान; घायल बच्ची बोली- मिट्टी खोद रहे थे, टीला ढह गया

बक्सर में मिट्टी के पुराने टीले में दबकर 4 बच्चियों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 सगी बहनें हैं। जबकि 6 साल की शिवानी मां-पिता की इकलौती संतान थी। वहीं एक बच्ची घायल हो गई। घायल बच्ची ने बताया कि 'हम पांचों मिट्टी लाने गए थे। मिट्टी खोद रहे थे, तभी टीला ढह गया और हम सभी उसमें दब गए।' घटना राजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरेंजा राजकीय बुनियादी स्कूल के पास की है। सभी बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं, तभी उनके ऊपर मिट्टी का टीला भरभरा कर गिर गया। जिसमें पांचों दब गई। बच्चों के हल्ला करने पर आसपास के लोग पहुंचे। मलबा हटा तो सभी को बाहर निकाला गया। सभी को हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां चार बच्चियों की मौत की पुष्टि की गई है। बताया जा रहा है कि सभी बच्चियां गरीब परिवार से है और मिट्टी के चूल्हे और घर की पोताई के लिए मिट्टी लेने गई थीं। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सरेंजा में एक महादलित बस्ती है। स्कूल के पीछे बच्चियां मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान टीला बच्चों के ऊपर गिर गया। 4 बच्चियों की जान गई है। एक जख्मी है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

**मरने वालों में 2 बहनें**: मृतक बच्चियों में नयनतारा कुमारी (11), शालिनी कुमारी (8), पिता श्याम नारायण, गांव- सरेजा, शिवानी कुमारी (6), पिता रमेश राम, संजू कुमारी (11) पिता टिंकू राम शामिल हैं। रामचंद्र 10 साल की बेटी करिश्मा घायल है। नयनतारा और शालिनी बहनें थीं।

## ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



आरा-सासाराम रेलखंड पर हसन बाजार थाना क्षेत्र के हसन बाजार हॉल्ट पर शनिवार को गाड़ी संख्या (13250) भभुआ-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना हसन बाजार थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर हसन बाजार थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी जगदयाल साह का पुत्र विकास कुमार(19) है। मृतक के चाचा ने बताया कि वो एक महीना पूर्व झारखंड के देवघर नौकरी की सिलसिले से गया हुआ था । इसके बाद वो शनिवार को ट्रेन से सासाराम होते हुए हसन बाजार बाजार आ रहा था । इसी बीच हसनबाजार स्टेशन से करीब 65 मीटर उत्तर दिशा में पोल संख्या 46/31–29 के बीच ये हादसा हो गया। घटना के दो घंटे बीत जाने के बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस हादसे से मृतक का शरीर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई शिवजी साह और विशाल और दो बहन कविता और सबिता से तीसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## 2 फीट जमीन को लेकर विवाद में मारपीट, 5 जख्मी



♦ भोजपुर में कोर्ट में चल रहा है मामला, पट्टीदार ने जबरन रखा ईंट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के रामकरही डेरा गांव में दो फिट जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया।। सभी जख्मियों को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक पक्ष के रामकरहीडेरा गांव निवासी राधा मोहन यादव,राजेंद्र यादव और गुड्डू कुमार यादव शामिल है। दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी बृजमोहन यादव और उनका बेटा सोनू कुमार यादव शामिल है।

**दो फिट जमीन को लेकर विवाद**: 'घटना के संबंध में एक पक्ष के परिजन ने बताया कि दोनों पट्टीदारों के बीच दो फिट जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। ये मामला न्यायालय में भी चल रहा है और उस जमीन पर 107 भी लगा हुआ है। राधा मोहन अपने घर के छज्जा और नाली का पानी बहाने के लिए दो फिट जमीन छोड़ा था। लेकिन इसके बावजूद ब्रिज मोहन यादव ने जमीन पर ईंट रखा जा रहा था। राधा मोहन यादव ने उनसे कहा कि अभी विवाद चल रहा है तो इस जमीन पर अभी ईंट मत रखो। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट की। जिसमें अभी लोग जख्मी हो गए। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## बक्सर की बेटी का राज्य अंडर-17 क्रिकेट टीम में चयन

निज संवाददाता। बक्सर




♦ खिलाड़ी को लोगों ने दी बधाई, पिता बोले- बचपन से खेल में था झुकाव

बक्सर की बेटी तेजश्विनी का बिहार राज्य अंडर-17 महिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। इससे बक्सर वासियों में खुशी की लहर है। लगातार तेजश्विनि और उसके परिजनों को बधाई मिल रही है। बताया गया कि आने वाले साल 2025 के जनवरी महीने में राजस्थान में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने के लिए बक्सर की बेटी तेजश्वीनी शामिल होगी। फिलहाल, कथकौली स्थित बक्सर स्कूल ऑफ क्रिकेट एकेडमी में अभ्यासरत है। शहर के चरित्रवन मोहल्ला निवासी तेजश्वीनी के पिता राजीव ठाकुर ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। पिता ने कहा कि उनकी बेटी चौसा के अखौरीगोला स्थित मध्य स्कूल में कक्षा 6 की स्टूडेंट है। प्रतिदिन क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए पिछले 7 महीने से बक्सर स्कूल ऑफ क्रिकेट एकेडमी, कथकौली आ रही है। पिता ने जानकारी दी कि हर पेरेंट्स को अपने बच्चो में छिपी प्रतिभा को देखनी चाहिए और उसे उस दिशा में बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

**बचपन से ही क्रिकेट में था झुकाव**: बेटी का झुकाव बचपन से ही क्रिकेट में था। जिसे बक्सर में खुले क्रिकेट एकेडमी में भर्ती कर दिया । खाना वो लड़कों के साथ क्रिकेट खेलती है। इसकी मां चौसा के अखौरीपुर गोला में शिक्षिका है। जिसके साथ वहां पढ़ने जाती है। एकेडमी के कोच प्रिंस सिंह ने कहा कि पिछले दिनों बिहार के गया में SGFI अंडर-17 अंतर जिला प्रतियोगिता हुआ था। जिसमें तेजश्वीनी ने भी हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद तेजश्वीनी का चयन बिहार राज्य अंडर-17 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। 7 महीने से ये हमारे यहां है। जिस पर हम लोग मेहनत कर रहे है। आगे भी अभी टाइम है। जिस पर मेहनत किया जा रहा है। आगे भी ये अच्छा कर जिले का नाम रौशन करेगी। कोशिश है कि अंडर - 19 इंडिया टीम के लिए ये खेले। तेजश्विन्नी ने कहा कि हम राजस्थान जा रहे है और अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट टीम के साथ खेलने का मौका मिला है। चरित्रवन से तीन किलोमीटर का रोजाना 7 महीने से प्रैक्टिस के लिए गोलंबर के पास एकेडमी में आती हूं। जहां कोच ने हम सभी को सिखाने में काफी मेहनत किया है। जिसका नतीजा है कि बिहार स्टेट के लिए 26 जनवरी को राजस्थान क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हो गया है। राज्य स्तरीय चयन होने के कारण एकेडमी में खुशी की लहर है। परिसर में कोच अमित कुमार सिंह उर्फ प्रिंस और एकेडमी संचालक आनन्द चौबे ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान तेजश्वीनी को फूल माला और मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गई। इस मौके पर अभिषेक चौबे, रिशु ठाकुर, स्टेट प्लेयर, अरुण यादव सहित कई पेरेंट्स व एकेडमी के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## काली मंदिर से देवी माता के गहनों की चोरी

निज संवाददाता। बक्सर



♦ 12 घंटे में चोर गिरफ्तार, CCTV फुटेज के आधार पर पकड़ा गया आरोपी

बक्सर के पुराना भोजपुर काली मंदिर में बीती रात चोर ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। मंदिर का मुख्य गेट आरी से काटकर करीब 2 लाख रुपए का गहना चुरा लिया। चोर ने दानपेटी तोड़ने की भी कोशिश की, लेकिन असफल रहा। चोरी की घटना का पता शनिवार सुबह 6 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी अनीश पाठक को चला। पुजारी ने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है,और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। चोर ने शीशे में बंद माता की प्रतिमा का कांच तोड़कर मांगटीका, नथ, मंगलसूत्र, और सोने की जीभ सहित अन्य गहने चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनीष कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

**4 घंटे में गहनों सहित चोर गिरफ्तार**: पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से महज चार घंटे में चोर की पहचान कर ली। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने फिंगरप्रिंट और अन्य प्रमाण जुटाए। जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर चोर सुनील साह को नगपुरा गांव से चोरी के गहनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वह पहले भी मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि चोर के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय ग्रेपलिंग में भोजपुर ने जीता 18 स्वर्ण, 5 रजत व 10 कांस्य पदक

निज संवाददाता। आरा



17वीं जूनियर राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में बिहार के 32 खिलाड़ियों ने अपने- अपने उम्र एवं भार वर्ग में 18 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 13कांस्य पदक जीता है। बिहार के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में, पूरे भारतवर्ष में चौथे स्थान पर रहे। बिहार टीम का नेतृत्व करने वाले भोजपुर के खिलाड़ियों ने18 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक एवं 10 कांस्य प्राप्त किया। राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर के जम्मू यूनिवर्सिटी में 24नवंबर से 27 नवंबर तक हुई। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले भोजपुर के खिलाडिय़ों में सोनी कुमारी, सेजल कुमारी, अक्षिता चंद्रयान, सौम्या कुमारी, शिवांगी, पीयूष प्रभात, आयुष कुमार, मणिकांत प्रकाश, उज्ज्वल कांत प्रकाश, आदित्य नारायण, विपुल कुमार, संस्कार श्रीवास्तव, हर्षित कुमार ओझा व आदित्य शिवम है। रजत पदक प्राप्त करने वाले भोजपुर के खिलाडिय़ों में विश्वजीत सिंह, अंकुर भारद्वाज व मृत्युंजय भूषण सिंह है। कांस्य पदक जितने वाले भोजपुर के खिलाड़ियों में उज्जवल भूषण सिंह, अतीब अहमद व पवन कुमार सिंह है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त कर भोजपुर के खिलाड़ियों के आरा पहुंचने पर सांसद सुदामा प्रसाद, ग्रेपलिंग संघ भोजपुर के अध्यक्ष विवेक मिश्र माधव, सचिव रिज़वान खान, सह सचिव जितेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, निदेशक राजेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष कुमार विवेक, अरमान खान, आशुतोष मिश्र, उत्तम रॉय, टीम कोच अरविंद कुमार, रौशन कुमार, टीम मैनेजर सरोजनी तिर्की, ग्रेपलिंग संघ के सचिव सुबोध कुमार यादव, हरि ओम उत्तम, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य रिचर्ड डिसूज़ा, चिव फादर फ्रांसिस, संस्कृति पब्लिक स्कूल के प्राचार्य, ज़किया यास्मीन, दक्ष पब्लिक स्कूल के निदेशक गोपाल मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## तेजस्विनी का अंडर-17 क्रिकेट टीम में चयन

निज संवाददाता। बक्सर




आगामी जनवरी 2025 में राजस्थान में होने वाली राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बक्सर की बेटी तेजस्विनी का चयन बिहार अंडर-17 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। इस उपलब्धि पर औद्योगिक थाना क्षेत्र के कथकौली स्थित बक्सर स्कूल ऑफ क्रिकेट एकेडमी में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एकेडमी के कोच अमित कुमार सिंह उर्फ प्रिंस और संचालक आनंद चौबे ने उसका का फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में अभिषेक चौबे, रिशु ठाकुर, स्टेट प्लेयर अरुण यादव सहित कई अभिभावक और एकेडमी के खिलाड़ी उपस्थित रहे। शहर के चरित्रवन मोहल्ला निवासी तेजस्विनी के पिता राजीव ठाकुर ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बताया कि उनकी बेटी चौसा के अखौरीपुर गोला स्थित मध्य विद्यालय में कक्षा 6 की छात्रा है। उन्होंने बताया कि बेटी पिछले सात महीने से बक्सर स्कूल ऑफ क्रिकेट एकेडमी में रोजाना प्रैक्टिस कर रही है। भविष्य की उम्मीदें तेजस्विनी की इस सफलता ने बक्सर के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया है। उम्मीद है कि वह राजस्थान में होने वाली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिले और राज्य का नाम रोशन करेगी। कोच का सहयोग तेजस्विनी की इस सफलता के पीछे परिवार और कोच का अहम योगदान रहा। पिता राजीव ठाकुर ने कहा कि तेजस्विनी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। कोच अमित कुमार सिंह ने कहा कि तेजस्विनी में क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि और कड़ी मेहनत का जज्बा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह राजस्थान में होने वाली प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। स्थानीय लोगों का उत्साह इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों में भी उत्साह का माहौल है। एकेडमी के संचालक आनंद चौबे ने कहा कि यह बक्सर के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को भी तेजस्विनी से प्रेरणा लेने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हंड्रेड बिहार स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में पूर्णिया और पटना की टीम का रहा दबदबा

**भागलपुर।** सैडिंस कंपाउंड के इनडोर स्टेडियम में खेली गई हंड्रेड बिहार स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में पूर्णिया और पटना के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। शनिवार को खेले गए पांच वर्गों के फाइनल मुकाबलों में इन दोनों जगहों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला सिंगल्स के फाइनल में पूर्णिया की सलोनी कुमारी ने पटना की श्रृजा को 21-15, 21-15 से हराकर ट्रॉफी जीत ली। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव सत्यजीत सहाय ने बताया कि पुरुष सिंगल्स में पटना के कार्तिक ने पूर्णिया के समीर राज को 21-15 और 21-9 से हराकर प्रतियोगिता जीती। महिला डबल्स में पूर्णिया की सलोनी कुमारी और पटना की सिमरन सिंह की जोड़ी ने कैमूर की फिजा हसन व गया की रन्या राना की जोड़ी को 21-4, 21-16 से हराकर ट्रॉफी जीती। पुरुष डबल्स में जहानाबाद के अंबुज प्रकाश और वैशाली के तुषार कुमार की जोड़ी ने पूर्णिया के अभिराज गर्व शारदा को 22-20, 21-18 से हराकर प्रतियोगिता जीती। जबकि मिक्स्ड डबल्स में पटना के तबरेज और सिमरन सिंह ने पूर्णिया के समीर राज व कटिहार की वैभवी सिंह को 21-12, 21-18 से शिकस्त देकर खिताब जीता।

### हबीबपुर का युवक डेंगू संक्रमित

**भागलपुर।** हबीबपुर का 35 वर्षीय युवक डेंगू संक्रमित हुआ है। मायागंज अस्पताल के डेंगू वार्ड में युवक को भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हॉस्पिटल मैनेजर सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अब वार्ड में कुल दो मरीज बचे हैं, जिनका इलाज चल रहा है। युवक को सर्दी, खांसी व तेज बुखार की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था, जहां जांच में डेंगू पॉजिटिव निकला।

### विधायक और सांसद फंड से दी जानेवाली योजना पर भी तेजी से कराएं काम

**भागलपुर।** नगर आयुक्त डॉ. प्रीति कुमारी ने सिटी मैनेजर विनय कुमार यादव को 30 दिसंबर तक सीटीपीटी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के तहत नगर आयुक्त ने स्वच्छता प्रभारी विकास हरि व संबंधित जिम्मेदार को तैयारी में तेजी लाने कहा है। शनिवार को समीक्षा बैठक में कहा कि इससे संबंधित जो भी कार्य पेंडिंग हैं उसे पूरा कराएं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना 31 दिसंबर तक खत्म हो जाएगी। इसलिए इस योजना के जितने भी लाभुक हैं, सभी को राशि का भुगतान करें। क्योंकि इसके बाद सरकार से राशि नहीं मिलेगी तो उन लाभुकों को दिक्कत होगी। शहर में करीब एक हजार से ज्यादा ऐसे लाभुक हैं, जिन्हें राशि दी जानी है। वहीं मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत डीपीआर फाइनल करने का निर्देश इंजीनियर को दिया है। विधायक व सांसद फंड से यह योजना दी जाती है, जिसे नगर निगम को अपने स्तर से पूरा करवाना है। वहीं योजना शाखा प्रभारी आदित्य जायसवाल से कहा है कि 15-15 लाख रुपए से जिस भी कार्य को किया जाना है, उसका एस्टीमेट बनवाएं। तीन दिन बाद फिर इस मामले में जानकारी लेंगे।

### मैराथन में अभिनेत्री व स्टार एंकर मंदिरा होंगी शामिल

**मुंगेर।** मुंगेर मुंगेर स्थापना दिवस 4 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मुंगेर स्थापना दिवस पर दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हर साल की तरह 4 दिसंबर को मुंगेर स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस का आयोजन इस बार दो दिनों तक चलेगा। पहले दिन 4 दिसंबर को स्थापना दिवस पर केक कटिंग सेरेमनी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद हर साल की तरह इस साल भी जितने भी परंपरागत कार्यक्रम होते हैं, जैसे-मद्य निषेध, बाल-विवाह रोकथाम और दहेज मुक्त बिहार को लेकर मानव श्रृंखला व प्रभात-फेरी का आयोजन 4 दिसंबर को होगा। इसके अलावा बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में अव्वल आने पर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। इसके बाद 4 दिसंबर को शाम को ही बबुआ घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। दूसरे दिन मुंगेर में पहली बार मैराथन दौड़ का आयोजन कराया जाएगा। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए रूट चार्ट जारी कर दिया गया है। मैराथन दौड़ का प्रारंभ बिंदु शहीद स्मारक हेरूदियारा है। जहां से सुबह 6 बजे दौड़ शुरू होगा। वहीं अंतिम बिंदु बाहाचौकी, क्रैश बैरियर है, लखीसराय जिला का बार्डर है।

### सरकारी स्कूलों में बच्चे बनेंगे पर्यावरण सारथी

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के 285 स्कूलों को यूथ और इको क्लब के लिए 25-25 हजार की राशि दी गई है। हाई स्कूलों की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य गतिविधियां भी अब सुचारू रूप से चलेंगी। जिले को कुल 71 लाख 25 हजार रुपए मिले हैं। वहीं जिले के 849 प्रारंभिक स्कूलों को इसके लिए 5 हजार रुपए की दर से 42.45 लाख रुपए दिए गए हैं। 764 प्रारंभिक स्कूलों को 15-15 हजार रुपए मिले हैं। समग्र अनुदान की राशि स्कूलों में होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों पर खर्च होंगी। वहीं, सीआरसी को दी गई राशि शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि पर खर्च होगी। रुपयों के खर्च के लिए नया गाइडलाइन जारी हुआ है। अब यह राशि कैश में किसी भी परिस्थिति में खर्च नहीं होगी। संवेदक को राशि का भुगतान पीएफएमएस के जरिए वेब पोर्टल से ई-पेमेंट से होगा। राशि की निकासी व्यय विपत्र जमा करने के बाद होगी। पहले की तरह अब राशि एडवांस में न दी जाएगी और न ही निकासी की जा सकती है। राशि जारी करने के साथ ही डीपीओ एसएसए मो. जमाल मुस्तफा ने कहा कि सभी स्कूलों के एचएम को राशि भुगतान के साथ ही राशि खर्च करने का तरीका भी बता दिया है। इस गाइडलाइन के इतर कार्य करने वाले एचएम दोषी माने जाएंगे। बेहतर देखभाल कर सकेंगे मिशन लाइफ के लिए इको क्लब के अंतर्गत स्कूलों के बच्चों ने अपनी मां और शिक्षकों के साथ मिलकर न केवल पेड़ लगाए, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए बायो फेंसिंग का भी इंतजाम किया। बायो फेंसिंग पेड़ों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे छात्र अपने लगाए पेड़ों की देखभाल बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

### बायपास का 5 बार मेंटेनेंस, पिता-पुत्र की एजेंसी ही करती रही काम, सड़कें बदहाल

**भागलपुर।** बायपास की मरम्मत दो ही एजेंसी के भरोसे है। एक पिता के नाम तो दूसरा पुत्र के नाम से है। पिछले पांच बार हुए मेंटेनेंस के रिकॉर्ड में इन्हीं दो एजेंसियों का नाम दर्ज है। अब हालत यह है कि बायपास की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है और इसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले वाहनों को भुगतना पड़ रहा। अब तक पांच बार राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल (एनएच) ने सड़क की मरम्मत कराई है। भागलपुर बायपास का निर्माण करीब 200.78 करोड़ की लागत से हुआ था। राजस्थान की जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लि. ने इसे बनाया। नवंबर 2015 में बायपास बनाने का काम शुरू हुआ, 2017 नवंबर तक पूरा करना था। देरी के कारण काम फरवरी 2019 में पूरा होकर हैंडओवर हुआ। कोरोना के बाद मेंटेनेंस के लिए पहला टेंडर जारी हुआ, जिसे दो एजेंसियों ने पूरा कराया। पहला काम साकेत भालोटिया नाम की एजेंसी ने कराया। इसका दूसरा हिस्सा सुदेश नाम की एजेंसी ने कराया। पहला टेंडर करीब 1.50 करोड़ रुपए से 16 किमी बायपास के लिए जारी हुआ। थोड़े ही समय बाद जब रोड पर गड्ढे आने लगे तो विभाग ने 2022 की शुरुआत में 3.5 किमी के लिए टेंडर निकाला। मुंगेर की निरंजन शर्मा नाम की एजेंसी ने चौधरीडीह पेट्रोल पंप से बंशीटीकर तक पैचवर्क कराया। 2022 में ही एनएच ने बंशीटीकर से बरारी तक पांच किमी और पुरानी सराय से दोगच्छी तक 1.9 किमी के लिए टेंडर जारी किया। जिसका काम बालकृष्ण भालोटिया नाम की एजेंसी ने 39 लाख रुपए से पूरा कराया। 2023 सितंबर में 24 लाख रुपए से चौधरीडीह पेट्रोल पंप से बरारी तक आठ किमी में बालकृष्ण भालोटिया नाम की एजेंसी ने फिर काम कराया। इस बार जीरोमाइल फ्लाईओवर की 2400 मीटर सर्विस रोड भी शामिल था। हाल ही में अगस्त में 5वीं बार पीबीएमसी (परफॉर्मेंस बेस्ड मेंटेनेंस कॉंट्रैक्ट) मोड में टेंडर निकला। मेंटेनेंस की राशि 11.60 करोड़ रुपए की है।

# ललन सिंह के सामने JDU नेता ने मांगा रोजगार, मुंगेर में भड़के प्रखंड अध्यक्ष

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान जदयू के जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने अपनी नाराजगी जाहिर की। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के सामने ही वो मंच पर भड़क गए। जिसका वीडियो अब सामने आया है। जदयू नेता ने केंद्रीय मंत्री से मुंगेर में बंद पड़े कल कारखाना को चालू कर रोजगार देने की मांग की है। मंच पर संबोधन के दौरान प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कहा कि मुंगेर का बंदूक कारखाना बंद रहने के कारण यहां अवैध तरीके से हथियार बन रहा है। इसके अलावा यहां का पहाड़ कई सालों से बंद है। अगर यह पहाड़ का उत्खनन चालू हो जाता है, तो कई लोगों को रोजगार मिल सकता है।

**कहा-जदयू नेताओं को नहीं मिलता सम्मान**





**थाना में जदयू कार्यकर्ताओं को नहीं मिलता सम्मानः** जदयू नेता ने बताया कि जिले में पहाड़ रहने के बावजूद भी झारखंड से कंक्रीट मुंगेर आ रहे हैं। उन्होंने मंच पर भाषण के दौरान कहा कि थाना में जदयू कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिया जाता है। पत्रकार को इस कारण सम्मान दिया जाता है कि उसके पास कलम का पावर है। लेकिन हम कहां शिकायत करने के लिए जाएंगे। प्रखंड अध्यक्ष के दिए गए बयान पर राजद नेता प्रमोद यादव ने कहा कि सरकार में रहते हुए जदयू कार्यकर्ता को सम्मान नहीं मिलता है, तो यह खुद ही सोच सकते हैं कि जदयू में कार्यकर्ता का कितना सम्मान है। केंद्रीय मंत्री के सामने जदयू कार्यकर्ता रोजगार देने के साथ-साथ मुंगेर के कारखाना को चालू करवाने की मांग करते हैं। जबकि, दूसरी ओर नीतीश कुमार मीडिया को हमेशा यह कहते हैं कि हम रोजगार दे रहे हैं। राजद नेता ने कहा कि लोगों को रोजगार देने के लिए एकमात्र हमारे नेता तेजस्वी यादव ही है।

### चार दिन से लापता युवक की लाश गंगा किनारे मिली

**भागलपुर।** भागलपुर में गंगा किनारे जीजा के साथ शराब पार्टी करने गए शख्स का नदी से चार दिन बाद शव मिला है। पानी में उसकी लाश उपलाती हुई मिली है। परिजन और पुलिस चार दिन से लगातार खोजबीन कर रहे थे। जीजा गणेश किसी को कुछ नहीं बता रहा था। पुलिस अब गणेश से पूछताछ करेगी। मृतक दिपनगर निवासी राजाराम महतो का बेटा सेवक महतो (18) था। जिसकी लाश गोलाघाट दूधिया मंदिर के पास गंगा में जमनिया दियारा इलाके में मिली।

स्थानीय लोगों की सूचना पर जोगसर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि नशे में युवक फिसल कर गहरे पानी में चला गया। जोगसर थानेदार के.एन.के सिंह ने बताया कि एक युवक का शव गंगा किनारे मिला है। परिजनों की तरफ से लिखित बयान नहीं दिया गया है। बयान के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक सेवक महतो के छोटे भाई विशाल का ने कहा कि चार दिन पहले भाई जीजा गणेश के साथ शराब पार्टी करने गया था। उसी दिन से वह लापता है।

## मायागंज अस्पताल के गार्ड ने मरीज का फोन चुराया, CCTV फुटेज से मामले का खुलासा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के मायागंज अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड पर मरीज के मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। शुरुआत में तो गार्ड ने तो मोबाइल चोरी करने की बात से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पीड़ित ने बताया कि एचडीयू में बांका जिला के अमरपुर महौता गांव के उमाकांत शर्मा का हार्ट का इलाज चल रहा था। 27 नवंबर की अहले सुबह चार बजे जब मरीज अपने बेड पर सो रहे थे। बीएड के बगल में अपना मोबाइल चार्ज में लगा रखा था। तभी प्रकाश कुमार नाम का एक गार्ड गमछा से मुंह छिपकर आया और मोबाइल चुराकर ले गया। मरीज के पुत्र ने इसकी मौखिक शिकायत अस्पताल प्रबंधक से की। जिसके बाद उन्होंने शनिवार को लिखित शिकायत की। मामले की जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधक सुनील कुमार गुप्ता ने सामंता एजेंसी के सुपरवाइजर चंचल शुक्ला बुलाकर मामले की जानकारी दी। लेकिन सुपरवाइजर ने गार्ड पर भरोसा करते हुए घटना को स्वीकारने से मना कर दिया।

**गार्ड के खिलाफ एक्शन का आदेशः** सुपरवाइजर ने कहा कि चार साल से यहां कार्यरत है। हमारा गार्ड चोर नहीं हो सकता है। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधक ने सीसीटीवी फुटेज दिखाया। जिसके बाद सुपरवाइजर ने खुद से छानबीन शुरू की। पूछताछ करने पर गार्ड ने कहा कि हमने मोबाइल लेकर कहीं रखा था। वो अब मिल नहीं रहा है। अस्पताल के कुछ लोगों ने बताया कि इस गार्ड से कुछ मरीजों और परिजनों से पहले भी झड़प हो चुकी है। इस मामले में अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर केके सिन्हा ने कहा कि हमे पता चला कि मरीज के बेड के पास से मोबाइल चोरी की गई है। मामले की जांच कर एजेंसी को एक्शन लेने के लिए कहा गया है। अगर एजेंसी एक्शन नहीं लेती है तो हम एजेंसी के खिलाफ एक्शन करेंगे।



**एजेंसी को कार्रवाई करने का आदेश**

## घर का 9 ताला तोड़कर 10 लाख की चोरी, 4 दिनों से डॉक्टर के पास था पीड़ित परिवार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के अकबरनगर थाना क्षेत्र के भवनाथपुर स्थित केनरा बैंक के पास एक मकान में अज्ञात चोरों ने घर का नौ ताला तोड़कर 10 लाख का जेवर समेत 25 हजार रुपए नगद चोरी कर लिया। घटना की छानबीन के दौरान सामने आई सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि वारदात को अंजाम देने दो चोर पहुंचे थे। लोगो को घटना की जानकारी घर का दरवाजा खुला होने पर हुई है। बताया गया कि घर के सभी सदस्य पिछले चार दिनों से डॉक्टर के यहां थे। पड़ोसी ने घर का दरवाजा खुला देखा तो इसी सूचना घर मालिक को दी। शनिवार को जब परिजन घर पहुंचे। जहां घर सारा सामान बिखरा और ताला टूटा मिला। घर के अंदर आलमीरा सहित कई कमरे में रखे जेवर और नकद रुपए गायब थे। घटना की जानकारी लोगों ने स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही मौके पर अकबरनगर पुलिस पहुंची। पीड़ित परिवार ने देर रात पुलिस को लिखित आवेदन देकर चोरी हुए सामानों की रिकवरी का गुहार लगाया है।

**दो लोगों में दिया वारदात को अंजामः** पीड़ित मंजेश सिंह ने बताया कि हमलोग अपने परिवार के साथ चार दिनों से डॉक्टर के यहां थे। आज पड़ोसी ने सूचना दिया कि घर के दरवाजे खुले हुए हैं। जिसके बाद हमलोग यहां आए तो देखा कि घर का नौ ताला टूटा हुआ था। कई कब्जा उखड़ा हुआ था। जब घर का समान को चेक किया गया तो कीमती जेवरात गायब थे। साथ ही नगद रुपए भी नहीं मिले। सीसीटीवी में देखने के बाद पता चला कि दो लोग घर में प्रवेश कर वारदात को अंजाम दिया है। एसपी आनंद कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। हमलोग जल्द ही मामले का खुलासा का करेंगे।



**पड़ोसी ने दी सूचना**

## नव संकल्प जनसभा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान



**भागलपुर में कई लोग पार्टी की सदस्यता करेंगे ग्रहण, सबौर में कार्यक्रम का आयोजन**

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में लोजपा की ओर से नव संकल्प जनसभा का आयोजन रविवार को सबौर हाईस्कूल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान कर रहे। मंच पर रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। कई लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जिले के चर्चित समाजसेवी विजय यादव भी लोजपा का दामन थामेंगे। मंच पर चिराग पासवान के अलावा, खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, अमर कुशवाहा समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं।

**नाथनगर विधानसभा पर दो दलों की नजरेंः** सीट शेयरिंग के दौरान भागलपुर का नाथनगर विधानसभा सीट एनडीए में किस दल के हिस्से आएगा यह फाइनल होने में तो अभी लंबा वक्त है, लेकिन इस सीट पर एनडीए के दो घटक दलों की नजर बनी हुई है।इसबार चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) और जदयू दोनों की नजर इस सीट पर दिख रही है। दोनों दलों में कई ऐसे चेहरे हैं जो टिकट की दावेदारी का ख्याल बनाते हुए अपनी सक्रियता तेज कर चुके हैं।

## माइक नहीं देने पर भड़के JDU MLA गोपाल मंडल, बोले- अजय मंडल चोर-पॉकेटमार है

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को जदयू विधायक गोपाल मंडल और सांसद अजय मंडल के बीच जुबानी जंग देखने को मिला। गोपाल मंडल ने सांसद अजय मंडल को चोर-पॉकेटमार तक कह दिया। इसके जवाब में सांसद ने कहा जो जैसा होता है, उसे वैसा ही दिखता है। दरअसल, भागलपुर के लाजपत पार्क में जदयू की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मंच पर गोपालपुर के विधायक और सांसद अजय मंडल बैठे थे, लेकिन कार्यकर्ता को संबोधित करने का मौका नहीं मिला। गोपाल मंडल ने माइक मांगा भी, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद गोपाल मंडल भड़क गए। पत्रकारों ने गोपाल मंडल से पूछा कि कार्यकर्ता सम्मेलन के पोस्टर में आपकी तस्वीर नहीं थी। आपको माइक भी नहीं दिया गया। इस सवाल के जवाब में गोपाल मंडल ने कहा कि कहीं न कहीं समझदारी में कमी है। उनको मालूम नहीं है कि हम प्रमंडल के मालिक हैं। बांका और भागलपुर दोनों हम जोतते हैं। हमारा तो फोटो रहना ही चाहिए। ये अजय मंडल की बदमाशी है। अजय मंडल ने क्यों ऐसा किया होगा। इस सवाल के जवाब में गोपाल मंडल ने कहा कि वो चोर पॉकेटमार है, ऐसा ही करते रहता है। बता दें कि अजय मंडल ने मंच पर कहा कि आप मत बोलिए, बाद में बोलिएगा।



**गोपाल मंडल के बयान पर हम ध्यान नहीं देतेः अजय मंडलः** गोपाल मंडल के आरोप पर अजय मंडल ने कहा कि उनकी नाराजगी क्या है, वो आप लोग जानते हैं। उन्होंने क्या कहा, हम उस पर ध्यान नहीं देते। जो जैसा है, उसे वैसा ही दिखता है। अजय मंडल से पूछा गया कि गोपाल मंडल ने कहा है नीतीश कुमार दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। इस सवाल के जवाब में अजय मंडल ने कहा कि आप लोगों ने उनकी बात को गंभीरता से लिया, लेकिन वो बोलते समय लड़खड़ा गए थे।

**सांसद ने कहा-जो जैसा है, उसे वैसा ही दिखाई देता है**


**गोपाल मंडल को नहीं किया गया था आमंत्रितः** कार्यक्रम में विधायक गोपाल मंडल को आमंत्रित नहीं किया गया था। ना ही पोस्टर में उसका फोटो लगवाया गया था। कार्यक्रम की सूचना के बाद गोपाल मंडल बिना बुलाए ही कार्यक्रम में पहुंच गए। यहां वे सबसे पहले मंच पर लगे कुर्सी पर बैठ गए। लेकिन उनका नाम लिस्ट में नहीं होने के कारण संबोधन के लिए नहीं बुलाया गया।

## गैस सिलेंडर में लगी आग, अग्निशमन कर्मियों ने बुझाया

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में गैस सिलेंडर में आग लग गई। आधा घंटा के बाद आग पर अग्निशमन विभाग ने काबू पा लिया। कर्मियों के सहयोग से हादसा टल गया है। लगभग आधा घंटा के बाद गैस सिलेंडर में लगी आग को अग्नि शमन विभाग के कर्मियों ने सुरक्षित स्थान पर ले जाकर आग बुझाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। घटना मुंगेर के वासेपुर थाना क्षेत्र के नया गांव वार्ड नंबर-7 की है। यहां अर्जुन साह के यहां गैस सिलिंडर में आग लगी थी। सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना के एमटी वाहन घटना स्थल पर पहुंची और गैस सिलेंडर में लगी आग को आधा घंटे के मेहनत से पूर्ण रूप से बुझा कर थाना वापस आई। राहत बचाव में चालक विपुल कुमार, अग्निक आलोक कुमार, तेजस्वी यादव घटना स्थल पर जा कर आग को पूरी तरह से बुझाया।

**आग ने ले लिया था विकराल रूपः** घटना के बारे में जानकारी देते हुए अग्निशमन कर्मी ने बताया कि सूचना मिली कि आबाद्यपुर थाना क्षेत्र में एक गैस सिलेंडर में आग लग गई है। आग ने काफी विकराल रूप ले लिया । हम लोग सूचना पर पहुंचे और घटनास्थल से बचाव कार्य को शुरू किया। गैस सिलेंडर में जिस जगह पर आग लगी थी, वह काफी छोटा जगह था। इस कारण काफी मशक्कत के बाद गैस सिलेंडर को घर से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और वहां जाकर गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाया गया। पहले स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया था। इसके बाद सफल नहीं हो पाए, तो विभाग को सूचना दी गई। हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। बताया गया कि जिस वक्त आग लगी थी, आसपास के लोग काफी घबरा गए थे, लेकिन जब हम लोग पहुंचे, तब उन लोगों को समझ कर पहले शांत कराया गया, जिसके बाद रेस्क्यू कर आग पर काबू पाया गया।



**मुंगेर में टला बड़ा हादसा, रेस्क्यू कर आग पर पाया काबू**

### स्थापना दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**मुंगेर।** मुंगेर के स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से पहली बार मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि मुंगेर में पहली बार मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खेल को काफी तरजीह दे रही है। जिले में युवा वर्ग के बीच खेल भावना का विकास हो और ज्यादा से ज्यादा युवा खेल के प्रति जागरूक हो। उन्होंने कहा 5 दिसंबर को जिला स्थापन दिवस के मौके पर फुल मैराथन दौड़ 42.195 किलोमीटर का आयोजन होगा। मैराथन दौड़ शहीद स्मारक से शुरू होकर लखीसराय के बॉर्डर बाहाचौकी तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा दूसरे राज्य के धावक भी हिस्सा ले सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



घायल युवक घंटों तक सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन सुनसान इलाके में किसी ने नहीं की मदद

# ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार

- घटना स्थल पर पड़ा रहा घायल युवक
- पुलिस ने शव और बाइक को लिया कब्जे में
- स्थानीय लोगों ने सुरक्षा उपायों की मांग की



निज संवाददाता | हजारीबाग

कोटालपोखर साहिबगंज। पाकुड़-बरहरवा पथ पर शनिवार की रात कोटालपोखर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती पाकुड़ थाना क्षेत्र के सेजा गांव के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई। अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को धक्का मारा और हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। यह घटना उस समय हुई जब युवक सुनसान सड़क पर बाइक चला रहा था। दुर्घटना के बाद बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और घंटों तक सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन मदद के लिए कोई सामने नहीं आया। परिणामस्वरूप, घायल युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पाकुड़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा घटना स्थल से एक बाइक (जेएच16ई4487) भी बरामद की गई, जो दुर्घटना के बाद वहीं पड़ी थी। यह बाइक भी इस हादसे का प्रमुख साक्ष्य है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पाकुड़ थाना पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर ट्रक का कोई निशान नहीं मिला है और आरोपी ट्रक चालक अभी तक फरार है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में ट्रक की तलाश शुरू कर दी है, ताकि आरोपी को पकड़ा जा सके। पुलिस का कहना है कि यह एक घातक दुर्घटना है और आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने इस हादसे की जांच में प्राथमिकता दी है, ताकि पीड़ित के परिवार को न्याय मिल सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क अक्सर सुनसान रहती है और यहां पर ट्रकों का आना-जाना रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसे पहले भी हो चुके हैं, लेकिन इस बार घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर सुरक्षा इंतजामों का अभाव है और इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए सड़क पर पुलिस चौकी और ट्रैफिक नियंत्रण की आवश्यकता है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, और स्थानीय लोग मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रक चालकों की लापरवाही पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस अब इस मामले में विस्तृत जांच कर रही है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि घटना के जिम्मेदार को जल्द पकड़ा जाए।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान व्यवसायी की मौत, परिजनों में शोक की लहर

निज संवाददाता | साहिबगंज

बोरियो बाजार नमस्ते रोड निवासी मुन्ना साह (50) की मृत्यु सोमवार अहले सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान हो गई। मुन्ना साह पेशे से गल्ला व्यवसायी थे और इलाके में एक सज्जन और सक्रिय व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार और पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। परिजनों के अनुसार, मुन्ना साह रोज की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। बोरियो मोरंग नदी के बड़े पुल के पास पहुंचने पर उन्हें अचानक चक्कर और बेचैनी महसूस हुई। वे सड़क किनारे बैठ गए और अचानक वहीं लेट गए। कुछ ही पलों में उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत मुन्ना साह को बोरियो सीएचसी लेकर गए। लेकिन, वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, अचानक हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) की वजह से उनकी मृत्यु हुई हो सकती है। मुन्ना साह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनकी पुत्री की शादी हो चुकी है, जबकि एक पुत्र पटना में पढ़ाई कर रहा है। परिवार में उनके चले जाने से गहरा शोक है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुन्ना साह का परिवार इलाके में अपनी सादगी और मेलजोल के लिए जाना जाता है। मुन्ना साह की असामयिक मृत्यु से बोरियो के स्थानीय निवासी भी स्तब्ध हैं। बाजार और आसपास के लोगों ने इसे बड़ी क्षति बताया है। कई स्थानीय लोगों ने कहा कि मुन्ना साह एक सुलझे हुए और मददगार इंसान थे। अंतिम संस्कार के लिए आसपास के सभी लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस घटना ने इलाके में स्वास्थ्य जागरूकता पर भी चर्चा छेड़ दी है। कई लोगों ने मॉर्निंग वॉक और अन्य शारीरिक गतिविधियों के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि इस तरह की अप्रत्याशित घटनाओं को रोका जा सके। मुन्ना साह का अंतिम संस्कार सोमवार शाम को उनके पैतृक गांव में संपन्न हुआ।

## मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को किया गया सचेत

निज संवाददाता | साहिबगंज



जिले में मानव तस्करी के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि इस गंभीर अपराध को रोका जा सके और लोगों को इसके दुष्परिणामों से बचाया जा सके। इस अभियान के तहत तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बड़ा दुर्गापुर पंचायत के सालगाछी संथाली और शामपुर गांव में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख ने किया। यह अभियान ग्रामीणों को मानव तस्करी की समस्या से अवगत कराने के साथ-साथ इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख ने ग्रामीणों को मानव तस्करी के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें अपराधी न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि निर्दोष लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर ग्रामवासियों को जागरूक किया कि किस तरह तस्करी के जाल में फंसने से बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। मोहम्मद शाहरुख ने यह भी समझाया कि यह अपराध कैसे प्रायः बच्चों, महिलाओं और गरीब लोगों को निशाना बनाता है और उनकी जिंदगी को एक भयावह दिशा में मोड़ देता है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से यह अपील की कि यदि उनके गांव में कभी कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, जो मानव तस्करी के अपराधी हो सकता है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि इस अपराध को रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता और पुलिस के साथ सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता ही इस समस्या का सबसे बड़ा समाधान हो सकता है। अगर ग्रामीण अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं और उनके प्रति जागरूक रहते हैं तो तस्करी के मामलों में काफी कमी लाई जा सकती है। इस अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी इसकी सराहना की और पुलिस के इस प्रयास को बहुत महत्वपूर्ण बताया। ग्रामीणों ने पुलिस को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और इस अपराध के खिलाफ मिलकर काम करने का वचन लिया। उन्होंने कहा कि वे इस प्रकार के अभियान का समर्थन करेंगे, क्योंकि यह उनकी सुरक्षा और उनके परिवारों के लिए बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि वे अपने आस-पास के क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखेंगे तो पुलिस को सूचित करेंगे, ताकि किसी भी संभावित अपराध को समय रहते रोका जा सके। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख ने आगे बताया कि यह अभियान अब जिले के अन्य हिस्सों में भी फैलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा कई और जागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुद्दे पर सचेत हो सकें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग मानव तस्करी के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी। अंत में, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह था कि समाज के हर वर्ग को मानव तस्करी के खतरों और इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस और समुदाय की साझेदारी से इस अपराध को समाप्त किया जा सकता है और एक सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## छापेमारी अभियान में दो मोटरसाइकिल समेत आठ टन अवैध कोयला जब्त, कोयला चोर फरार

निज संवाददाता | गोड्डा

जिले में लगातार हो रही कोयला चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ललमटिया थाना पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) और ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के सुरक्षा कर्मियों ने संयुक्त रूप से एक छापेमारी अभियान चलाया। यह अभियान ईसीएल के सिक्योरिटी इंचार्ज इंद्रदेव टुडू के नेतृत्व में हुर्रासी परियोजना के कोयला खदान क्षेत्र के कदू टोला गांव के समीप स्थित मुख्य सड़क पर चलाया गया। इस छापेमारी में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आठ टन अवैध कोयला और दो मोटरसाइकिल जब्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों को विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से रखा हुआ कोयला मिला। यह कोयला चोरी के मामले से संबंधित था और विभिन्न ट्रैक्टरों में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन ट्रैक्टरों से लगभग आठ टन अवैध कोयला बरामद किया।

साथ ही, छापेमारी के दौरान दो मोटरसाइकिलों भी जब्त की गईं। हालांकि, इस दौरान कोयला चोर मौके से फरार होने में सफल हो गए, लेकिन उनके द्वारा छोड़ी गई सामग्री से यह स्पष्ट हो गया कि यह एक बड़े स्तर पर चलने वाला अवैध व्यापार था। इस छापेमारी के दौरान जब्त किए गए कोयले को ईसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। साथ ही, जब्त की गई मोटरसाइकिलों को ललमटिया थाना लाया गया और पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह कार्रवाई कोयला चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, लेकिन स्थानीय लोग और जानकार बताते हैं कि बिना पुलिस के संरक्षण के कोयला चोरी का कारोबार संभव नहीं हो सकता। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की नाकामी के कारण यह समस्या लंबे समय से जारी है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की राष्ट्रीय संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है।

## युवक की हत्या मामले में मां-पुत्र गिरफ्तार

साहिबगंज (नि. सं.)। थाना क्षेत्र के चमराचक बरारी गांव में 28 नवंबर की रात सब्जी फसल की रखवाली कर रहे उत्पल मंडल की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लेने का दावा किया है। इस मामले में मां व पुत्र को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी बरहड़वा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बरहड़वा थाना में पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में केस दर्ज करने के बाद उद्भेदन के लिए टास्क फोर्स गठित किया गया था। अनुसंधान के दौरान पुलिस को दो आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मृतक की मां कल्पना मंडल के आवेदन पर चमराचक बरारी गांव के तीन लोगों को थाना लाकर पूछताछ की गई। कौशल्या देवी व जधाई मंडल दोनों मां बेटे को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## गंगा के कटाव से प्रभावित इलाकों को बचाने के लिए जल संसाधन विभाग की तकनीकी टीम ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता | साहिबगंज



सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं। बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा। बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

## यूपी बीजेपी को मिलेगा ऐसा अध्यक्ष जो साधेगा सामाजिक समीकरण

(संजय सक्सेना)

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नये अध्यक्ष की तलाश काफी तेजी से चल रही है। बीजेपी उत्तर प्रदेश में अपने संगठन के जरिए एक मजबूत सोशल इंजीनियरिंग बनाने की रणनीति पर काम कर रही है,जिसके चलते संभावना व्यक्त की जा रही है आलाकमान इस बार नये प्रदेश अध्यक्ष के पद पर किसी ऐसे नेता को बैठा सकता है जो दलित या महिला समाज से ताल्लुक रखता हो, इसके जरिये बीजेपी की सभी जातियों और वर्गों के बीच बैलेंस बनाने की है। गत दिवस 27 नवंबर को हुई बैठक में राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नरेश बंसल ने कहा कि संगठन में सभी जातियों और वर्गों को उचित स्थान दिया मिलेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि महिलाओं और दलितों की सहभागिता बढ़ाने पर बीजेपी खास ध्यान देगी ताकि राजनीति में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। बैठक में साफ तौर पर कहा गया है कि बीजेपी कोई परिवारवादी पार्टी नहीं, बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है. बीजेपी की दलित और महिलाओं को संगठन में जगह देकर भविष्य की राजनीति को साधने की स्ट्रैटेजी है। ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। तावडे एक दिसंबर को चुनाव के संबंध में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगे। इससे पहले 28 से 2 दिसंबर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केंद्रीय पर्यवेक्षक बनेगा। वहीं 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चयन होगा। 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। वहीं 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। तत्पश्चात 27 दिसंबर को पार्टी बाल शहीद दिवस मनाएगी। बता दें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और उनकी जगह पर नए अध्यक्ष का चुनाव होना है। इससे पहले बीजेपी सभी बूथ कमेटी का गठन करने में लगी है, जिसके लिए 30 नवंबर की टाइम लाइन रखी गई है। यूपी में करीब 1.62 लाख से ज्यादा बूथों पर गठन होना है, जिसमें 35 फीसदी बूथों पर कमेटियां गठित हो चुकी हैं, जबकि बाकी बची बूथ कमेटियों का गठन 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाए। इसके बाद फिर एक से 15 दिसंबर के बीच मंडल अध्यक्ष और 16 से 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया चलेगी. इससे पहले जिला स्तर पर बीजेपी कार्यशालाएं आयोजित करेगी। उधर, बीजेपी ने संगठन में युवाओं को अहमियत देने के उम्र लिमिट तय कर दी है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने बताया कि मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच और जिलाध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होगी। ऐसे में साफ है कि बीजेपी 45 साल से ऊपर के उम्र वालों को मंडल अध्यक्ष नहीं बनाएगी और न ही 60 साल से ज्यादा उम्र वालों को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपेगी। बीजेपी ने तय किया है कि दो बार मंडल अध्यक्ष रहने वाले नेताओं को तीसरी बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनाएगी। इसके अलावा बीजेपी ने जिला अध्यक्ष के लिए तय किया है कि जिला अध्यक्ष की कमान उसे ही मिलेगी, जो 7 से 8 साल तक संगठन में काम करने का अनुभव होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में बीजेपी के संगठन में किसी पद पर होना हो, उसे ही पार्टी जिले का अध्यक्ष बनाएगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5569

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5568

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5569

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 | | |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले प्रथम भारतीय गेंदबाज (5)
5. संगीत में स्वर का विस्तार, समुद्र की तरंग, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
6. अनुमान, अंदाज, अटकल (3)
7. लक्ष्मी के पति होने के कारण पुराणानुसार भगवान विष्णु का एक नाम (5)
9. नीरोग, चंगा, तंदुरूस्त (3)
11. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
13. अवसर की प्रतीक्षा में रहना, ध्यानपूर्वक देखना (3)
14. छेद करना, आहत करना (3)
16. पुराणानुसार महर्षि विश्वामित्र के पिता ओर कुशिक राजा के पुत्र (2)
17. जलता हुआ, प्रदीप्त, प्रकाशमान, पुरानी फिल्मों के दिवंगत संगीतकार (3)
18. य नामक वर्ण (3)
20. पंख, डैना, किंतु, परंतु (2)
22. हाथ जोड़कर (4)
23. बेटी की बेटी यह कहलाती है (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात, खतरे की पूर्व सूचना (4)
2. देह, काया, शरीर, बदन (2)
3. खुशबु, महक, सुगंध (3)
4. चंद्रवंश के पांचवे राजा जिनका विवाह दैत्यगुरू शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से हुआ था (3)
6. धोखा देने का भेष (5)
7. धतुरा स्वर्ण (3)
8. इंद्र धनुष के रंगों में से एक (2)
10. वोट देने की पात्रता (3)
12. अवाक, चुप, खामोश, चुप्पी (2)
15. धन-देव, धनवान व्यक्ति, मालदार (4)
16. गीत गाने या प्रस्तुत करने वाला (3)
17. उर्दू भाषा में व्रत को यह कहा जाता है (2)
19. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी) (2)
21. क्रिकेट में खिलाड़ियों का मापदंड (2)

### वर्ग पहेली 5568 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | त्य | ना | रा | य | ण | सि | न्हा |
| त्य | ■ | ग | ज | र | ■ | वा | ■ |
| ना | लं | दा | ■ | थ | न | ■ | वि |
| रा | ब | ■ | मु | रा | द | ■ | ज |
| य | ■ | रा | ■ | ना | र | की | य |
| ण | ■ | ज | ज | ■ | ■ | र्ति | ■ |
| ■ | ■ | गु | ल | जा | र | ■ | ह |
| आ | ब | रू | ■ | वा | म | ह | स्ती |

## आज का राशिफल

### मेष
आज सफलता मिलती जाएगी। इस समय आपके करियर में लंबी यात्राएं फायदेमंद रहेंगी। व्यापारियों को इन यात्राओं से लाभ होगा। आर्थिक रूप से भाग्य का साथ मिलेगा। धन की बचत भी होगी। पार्टनर के साथ रिश्ते में खुशियां आएंगी। रिश्ता मजबूत होगा। दोनों खुश रहेंगे। जिन लोगों का खुद का बिजनेस है, वे अगर खुद का बिजनेस करेंगे।

### वृष
आज लाभ होगा और आपके लिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म के क्षेत्र में बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

### मिथुन
आज लाभ और तरक्की प्राप्त होगी। कारोबार की चिंता आपको परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम को छोड़ना पड़ेगा।

### तुला
आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए तरक्की के विशेष योग बने हैं। भाग्य आपका साथ देगा और आपको कहीं जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा कर लें तो आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आपको कुछ समय के बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध प्राप्त होंगे। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### वृश्चिक
आज दिन परेशानी और चिंता में बीतेगा। ऑफिस में आपका किसी से विवाद हो सकता है। हर काम बेहद संभलकर करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपको परेशान कर सकती है। अपने साहस और बुद्धिमानी से इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। मन की दुर्बलता और दुर्गुणों का त्याग करें। तो इन यात्राओं से आपको अच्छा मुनाफा हो सकता है।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन तरक्की से भरा होगा। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी आप उनकी सेवा में लगे रहेंगे। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। आपको लाभ और तरक्की हासिल होगी।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपको उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ प्राप्त होगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे और आपको लाभ होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके घर में किसी शुभ मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है। जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करनी चाहिए। शाम के समय आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ और तरक्की हासिल होगी और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। कार्य-व्यवसाय में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजनाएं सफल होंगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय बहुत ही अनुकूल है।

### कुंभ
आज दिन सफलता और तरक्की से भरा होगा और आपको नए संपर्क से लाभ मिलेगा। आपको रुका धन कठिनाई से मिलेगा और आपकी योजनाएं अधूरी रह जाएंगी। आपको रुआ हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। नवीन योजनाएं सफल होंगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### मीन
आज दिन हर मामले में शुभ होगा और आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा और आप निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है। व्यर्थ की मान बढ़ाई से बचें और अपने काम पर ध्यान दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : soneveshavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# ऐसे बढ़ेगा मटर उत्पादन



## जलवायु

**मटर मुख्य रूप से ठण्डी जलवायु, रबी मौसम की फसल है. फसल पकते समय अपेक्षाकृत अधिक तापमान की आवश्यकता होती है.**

## भूमि

**मटर की खेती के लिए बलुई-दोमट एवं दोमट भूमि उपयुक्त होती है.**





## उन्नतशील प्रजातियां

**(अ) अगेती :** इन किस्मों की फलियां बीज बोने के 60-70 दिन बाद खाने योग्य हो जाती है. उपज कम किन्तु बाजार भाव अच्छा मिलता है. इस वर्ग में मुख्य रूप से अर्किल, पंतमटर-2, पंत मटर-3, आजाज मटर-3, पंजाब अगेती, बी.एल. 7, जवाहर मटर-3, 4, हिसार हरित, असौंजी एवं अर्ली बैजर आदि आती है.

**(ब) मध्यम :** इन प्रजातियों की फलियां बीज बोने के 75-80 दिनों बाद खाने योग्य हो जाती हैं. इस वर्ग में पंत उपहार, आजाद मटर, अर्का अजीत एवं मीटियोर आदि हैं.


**(स) पिछेती प्रजातियां :** इस वर्ग की प्रजातियों की फलियों की तुड़ाई बीज बुवाई के 95-100 दिन बाद खाने योग्य हो जाती हैं. इस वर्ग में जवाहर मटर-1, बोनविले, एन.एल.पी. हैं. बीज उत्पादन के लिए चुनी गई किस्मों के गुणों के बारे में जैसे पौधों की लम्बाई पत्तियों की बनावट, आकार, फूल का रंग, फलियों की लम्बाई, दानों की संख्या, फलियों का आकार, तैयार होने का समय आदि के बारे में विस्तार से जान लेना चाहिए ताकि अन्य प्रजातियों को पौधों के समय पर छांट कर अलग किया जा सके.

## बुवाई का समय

उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में मटर के बीज की बुवाई का सर्वोत्तम समय 25 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक है. इससे आगे या पीछे बोने पर उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है.

## बीज बोने की विधि एवं मात्रा

मटर के बीज की बुवाई सीड ड्रिल या हल द्वारा कूड़ बनाकर कतारों में करनी चाहिए. बीज बोने के पूर्व बीज को कवकनाशी दवा कैप्टान अथवा थाइरम 2 ग्राम + 1 ग्राम बाविस्टीन के 3 ग्राम मिश्रण से प्रति किलोग्राम बीज की दर से सूखा उपचार कर लेना चाहिए.



## खाद एवं उर्वरक

सामान्यत: 150 से 200 क्विं. गोबर/ कम्पोस्ट खाद प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के 1 माह पूर्व भूमि में मिलायें. यूरिया 43 कि.ग्रा., फास्फोरस 375 कि.ग्रा. एवं म्यूरेट आफ पोटाश 109 कि.ग्रा. प्रति हे. देना चाहिए. इन सभी पोषक तत्वों की मात्रा को एक साथ मिलाकर खेत की अंतिम जुताई के समय भूमि में डालना चाहिए.

## सिंचाई

बीज बोने से पूर्व जमीन में उचित नमी हो इसके लिए पहली सिंचाई पलेवा के रूप में करें. अगेती प्रजातियों के कुल तीन सिंचाई की आवश्यकता होती है. पहली सिंचाई पलेवा के रूप में, दूसरी सिंचाई पुष्पन क्रिया के समय बीज बोने के लगभग 30-35 दिन बाद तथा तीसरी सिंचाई फलियों में दाना बनते समय करनी चाहिए. सिंचाई हल्की ही करें. अधिक पानी न भरने दें. बीज वाली फसल में चौथी सिंचाई फलियां पकते समय करने से उपज में वृद्धि होती है किन्तु चूर्णी फफूंदी के प्रकोप सम्भावना बढ़ जाती है.

## निराई-गुड़ाई

मटर की फसल में दो-तीन निराई गुड़ाई करने की आवश्यकता होती है. प्रारंभिक अवस्था में ही निराई गुड़ाई करें. देर से निराई-गुड़ाई करने से पौधों के टूटने की सम्भावना रहती है.

## फसल निरीक्षण

बीज फसल से अवांछनीय पौधों का निष्कासन प्रजाति की अनुवांशिक शुद्धता बनाये रखने के लिए आवश्यक है. यह पौधों की कई अवस्थाओं पर किया जाता है. पहला निरीक्षण पुष्पन क्रिया से पहले किया जाता है. पौधों का प्रजाति विशेष के आधार पर उसके रंग, पत्तियों की बनावट आदि गुणों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है. अवांछनीय पौधों को निकाल दिया जाता है. दूसरा निरीक्षण पुष्पन क्रिया के समय फूल आने की अवधि, पुष्प रंग, आकार आदि को ध्यान में रखते हुए किया जाता है. अवांछित पौधों को खेत से उखाड़कर अलग कर दिया जाता है. तीसरा निरीक्षण फलियां बनते समय उनके रंग, आकार आदि को ध्यान में रखते हुए किया जाता है. अवांछित पौधे हटा दिये जाते हैं. चौथा और अंतिम निरीक्षण फसल पकते समय किया जाता है. इस समय फलियों को पकने की अवधि, दाने का रंग, पौधों की वृद्धि आदि को ध्यान में रखकर किया जाता है.

## फसल कटाई

फसल पकने पर पूर्णत: भूरे रंग की होकर सूखना आरंभ कर देती है तथा कभी-कभी फलियां भी फटकर छिटकने लगती हैं. नवम्बर में बोई गई फसल अप्रैल में पककर तैयार हो जाती है. पकी हुई फसल को हंसिया या हाथों से उखाड़कर छोटे-छोटे ढेरों में दो-तीन दिन के लिए खेत में सूखने हेतु छोड़ दिया जाता है फिर उन्हें खलिहान पर एकत्र कर लेते हैं तथा एक-दो दिन खुली धूप में सुखाते हैं।

## पैदावार

मटर के बीज की पैदावार अनेक कारणों पर निर्भर करती है. उन्नतशील प्रजातियों को सामयिक प्रबंधन करने से 15-20 क्विं./हे. बीज की पैदावार प्राप्त होती है.

## बीज का शोधन एवं भण्डारण

ग्रेडर मशीन से बीज को साफ करके छोटे एवं बड़े आकार के बीजों में अलग कर लेते हैं. मध्यम आकार वाले दाने को एकत्र करके कवकनाशी दवा से उपचारित करके थैलों में भरकर सिलाई कर दी जाती है. थैलों के ऊपर प्रजाति का नाम, फसल का नाम, शुद्धता, अंकुरण तथा थैला भरने की तिथि एवं प्लाट नं. आदि अंकित किया जाता है.



# उन्नति की दवा- जौ

**जौ** की खेती का क्षेत्र कम वर्षा की स्थिति में बढ़ जाता है। मध्यप्रदेश में सामान्यत: एक लाख हेक्टर में जौ की फ़सल बोई जाती है। जौ शुष्क एवं अर्धशुष्क क्षेत्रों में उगाई जाने वाली रबी की फसल है। इसकी खेती असिंचित या एक सिंचाई काली कम उपजाऊ जमीन में भी की जा सकती है ऐसी किसानों की सोच है इसलिए देश की औसम उपज 1482 किलोग्राम है जबकि उन्नत जातियों को संतुलित उर्वरक उपयोग कर 30 क्विंटल तक प्रति हेक्टर उपज आसानी से ली जा सकती है। जौ खाद्यान्न में गेहूं, चावल, मक्का के बाद चौथे स्थान पर है। जिसमें पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व पाये जाते हैं।

- मानव के लिए शीतल प्रभाव डालता हैं।
- जौ खाने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर में कमी आती है।
- जौ लीवर की फेटी एसिड की सिन्थेटिक को उत्तेजित करता है।
- रेतीली लवणीय भूमि में असानी से उगाई जा सकती है।
- जहां खरीफ़ की फ़सल देरी से काटी गई हो वहां पर आसानी से जौ की बुवाई की जा सकती है।
- जहां पानी की कमी हो वहां जौ की खेती आसानी से की जा सकती है।

भूमि की तैयारी - दो जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से तथा 3-4 जुताई देशी हल से कर भुरभुरी बना दें तथा अंतिम जुताई के बाद पाटा चलाकर समतल कर लें। यदि दीमक की समस्या हो तो 20 प्रतिशत क्लोरोपायरीफॉस दवा का भुरकाव कर खेत में मिला दें। बुवाई के समय यदि नमी कम हो तो पलेवा की बुवाई करें। असिंचित भूमि में से वर्षा जल को संरक्षित करें।

**उन्नत किस्में** -विजय, रत्ना, डी एल-3, गीतांजली।

## उर्वरक प्रबंधक

सिंचित क्षेत्रों में उर्वरकों की अधिक मात्रा और असिंचित क्षेत्रों में कम से कम मात्रा उपयोग की जाती है। सिंचित क्षेत्र में फ़ास्फ़ोरस व पोटाश की पूरी मात्रा तथा नत्रजन की आधी मात्रा आधार खाद के रूप में तथा शेष मात्रा प्रथम सिंचाई के समय दी जाती है। जबकि असिंचित क्षेत्र में नत्रजन, स्फुर व पोटाश की पूरी मात्रा आधार खाद के रूप में बुवाई के समय बीज के नीचे ओर कर देना चाहिए।



## बीज दर से उपचार

असिंचित में 90 किग्रा, सिंचित में 100 किग्रा और देरी से बोई जाने पर 125 किग्रा प्रति हेक्टर बीज बोना चाहिये। प्रति किग्रा बीज को 3 ग्राम थाईरम दवा से उपचारित कर बोयें। साथ ही बीज बोने के पूर्व रात्रि में पानी में भिगोकर रखें जिससे अंकुरण अच्छा होता है तथा पैदावार भी अधिक मिलती है।

# ईसबगोल की उन्नत खेती



## जलवायु

**ईसबगोल की फसल को शीतोष्ण जलवायु की आवश्यकता होती है। जिसे रबी के मौसम में उगाया जाता है। इसके लिए अधिक एवं नमयुक्त जलवायु उपयुक्त नहीं होती है। अंकुरण के लिए 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तापक्रम कर आवश्यकता होती है एवं उचित बढ़वार हेतु 30 से 35 डिग्री सेल्सियस तापक्रम की आवश्यकता होती है।**



**भूमि :** ईसबगोल की अच्छी पैदावार के लिए अच्छी जल निकास वाली बलूई दुमट मिट्टी उपयुक्त होती है ।

## खेत की तैयारी

इसका बीज काफी हल्का होता है इस कारण खेत अच्छी तरह से तैयार होना चाहिए जिससें बीज उचित गहराई एवं दूरी पर गिर सकें। खेत की तैसारी हेतु दो बार आड़ा एवं खड़ा जुताई कर लेवें इसके बाद उसमें पाटा चलाकर जमीन को भूरभूरी एवं समतल कर लेना चाहिए। खेत तैयार होने पर 6×3 मीटर के आकार की क्यारियां बनाएं। क्यारियों की लम्बाई एवं चौड़ाई खेत की ढलान के अनुसार कम या अधिक भी कर सकते हैं।

## प्रमुख जातियां

जवाहर ईसबगोल-4, गुजरात ईसबगोल-1 एवं गुजरात ईसबगोल-2 आदि उन्नतशील किस्में हैं। मध्यप्रदेश के लिए जवाहर ईसबगोल-4 किस्म के लिए अनुमोदित किया गया है।

## बीज की मात्रा एवं बीजोपचार

बीज की मात्रा बोने की विधि पर निर्भर करता है कि हम किस विधि से बीज बो रहे हैं कतार विधि से अथवा छिटकवां विधि से। सामान्यत: 4-5 किलो बीज प्रति हेक्टयर की आवश्यकता होती है। बीज उपचार के लिए 1 ग्राम बाविस्टीन एवं 2 ग्राम डायथेन एम 45 या मेटालेक्सिल 35 एस.डी. 6 ग्राम को प्रति किलो बीज की दर से शुष्क बीजोपचार विधि से उपचारित करें।



## बोने की विधि

1. कतार द्वारा, 2. छिटकवां विधि द्वारा

1. यदि कतार के द्वारा बोते हैं तो कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. और पौध की दूरी 5 से.मी. रखी जाती है। बोने के पहले बीज में समान मात्रा में रेत मिलाकर बोना चाहिए।

2. छिटकवां विधि से बोने पर बीज को अधिक गहरा न बोयें ।2 से 3 से.मी. से अधिक गहरा बीज न बोयें।



## बोने का समय

ईसबगोल की बुवाई अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह से नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक अवश्य देना चाहिए।

## गोबर खाद

5 टन प्रति हेक्टयर की दर से देना चाहिए। गोबर खाद को खेत की तैयारी के समय खेत में मिला देना चाहिए। यूरिया 130 प्रति हेक्टयर देना चाहिए। आधी मात्रा बोते समय, शेष प्रथम सिंचाई के समय, सिंगल सुपर फास्फेट 250 किलो प्रति हेक्टेयर एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 33 किलो प्रति हेक्टेयर देना चाहिए।

## सिंचाई

बुवाई के तुरंत बाद अच्छे अंकुरण के लिए हल्की सिंचाई कर देना चाहिए। प्रथम सिंचाई 30 दिन में कल्ले निकलते समय एवं द्वितीय सिंचाई बाली निकलते समय कर देना चाहिए। फूल एवं दाना भरते समय सिंचाई न करें।

## निंदाई एवं गुड़ाई

20 से 25 दिन बाद निंदाई अवश्य रूप से कर देना चाहिए। साथ में छनाई के भी कार्य कर देना चाहिए तथा पौध से पौध की दूरी 5 से.मी. रखना चाहिए।

## कटाई

115 से 120 दिन में पक जाती है एवं पत्तियां सूखकर गिर जाती हैं तथा बालियों को मसलने पर दानें आसानी से बाहर आ जाते हैं उस अवस्था में फसल को काटकर अलग कर लेना चाहिए।

## गहाई

काटने के पश्चात फसल को धूप में अच्छी तरह से सुखा लेना चाहिए इसके बाद डंडे से पीटकर दाने अलग कर लेना चाहिए ।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पैक्स निर्वाचन चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों में पैक्स निर्वाचन को लेकर रविवार को मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई, जो शाम को साढ़े चार बजे तक चली। इस दौरान पैक्स मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बीच 58% मतदान होने की खबर है। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। पुरुष मतदाता के साथ ही महिला मतदाता भी मतदान के लिए जागरूक दिखी। सुबह मतदान शुरू होते ही मतदाता कतारबद्ध होकर मतदान में भाग लिए। वहीं, मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मुस्तैद रहे। बूथ पर पुलिस की सख्ती के कारण बोगस वोटिंग की मंशा पाले उम्मीदवारों की मंशा पर पानी फिर गया। एक- एक मतदाताओं की अच्छे से पहचान कर मतदान करने दिया गया। स्थानीय प्रशासन भी निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर तत्पर दिखी। कुल मिलाकर पकरीबरावां पैक्स निर्वाचन को लेकर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### रामानंद तिवारी शब्दवीणा के संरक्षक मनोनीत



**नवादा (नि.सं.) (नि.सं.)।** राष्ट्रीय साहित्यिक सह सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की नवादा जिला इकाई के संरक्षक के रूप में डॉ. रामानंद तिवारी को मनोनीत किया गया। पूर्व में गया के जवाहर नवोदय विद्यालय, जेठियन में हिन्दी शिक्षक के रूप में सेवा देने के बाद वर्तमान में नवादा के जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में सेवारत डॉ. रामानंद तिवारी को 'शब्दवीणा' की नवादा जिला समिति के संरक्षक के रूप में ससम्मान मनोनीत किया गया। यह संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। यह जानकारी देते हुए प्रदेश प्रचार मंत्री एवं नवादा जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल 'निर्दोष' ने बताया कि संरक्षक डॉ. रामानंद तिवारी जी मूलतः उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और हिन्दी के विद्वान शिक्षक होने के साथ-साथ कुशल प्रधानाचार्य एवं हिन्दी के स्तरीय रचनाकार भी हैं। इन्होंने कबीर पर प्रबंध काव्य 'पिंजर प्रेम प्रकासिया' की रचना कर एक उत्कृष्ट कवि के रूप में भी स्थापित कर रखा है। संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने उनके बारे में और भी बताते हुए कहा कि अब 'शब्दवीणा' की नवादा जिला समिति को संरक्षक के रूप में डॉ. रामानंद तिवारी जी का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा, जो शब्दवीणा परिवार के लिए एक गौरवमय उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि 'शब्दवीणा' की नवादा जिला समिति के उपाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद विश्वकर्मा, जिला सचिव अरुण कुमार वर्मा, की नवादा जिला समिति का संरक्षक मनोनीत होने को साहित्य एवं संगठन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि के रूप में बताया और प्रसन्नता व्यक्त की। जबकि संरक्षक डॉ. रामानंद तिवारी जी ने बताया कि हमारा हरसंभव प्रयास रहेगा कि 'शब्दवीणा' की नवादा जिला समिति राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक पहचान बनाये।

### लेट्स इंस्पायर बिहार का आयोजन



**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** बिहार के उज्वल भविष्य निर्माण हेतु संकल्पित बिहार के विभिन्न जिलों में आयोजित हो रहे 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान के तहत रविवार को रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित फजलगंज न्यू स्टेडियम में तृतीय वृहद जन संवाद का भव्य आयोजन किया गया। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ साथ विकसित बिहार का सपना संजोए चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव सहित भाजपा के पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, गुजरात के चर्चित उद्योगपति निशिकांत सिन्हा, शिक्षाविद अखिलेश सिंह, एसपी वर्मा, गोविंद नारायण सिंह, प्रीति बाला व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्वागत गान एवं शंखनाद करते हुए कार्यक्रम के शुरूआत में सर्वप्रथम आगत अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया तथा शिक्षा, उद्यमिता सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके कई बिहारियों ने चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव का गदा, तलवार, मोमेंटो आदि से भी सम्मान किया।वृहद जन संवाद के संबोधन में आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि यह जन संवाद शुद्ध रूप से पूरे बिहार के लोगों का कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य बिहार के युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्यमिता आदि क्षेत्र में प्रेरित करते हुए एक विकसित बिहार का निर्माण करना है। जहां किसी व्यक्ति को भी शिक्षा, रोजगार अथवा स्वास्थ्य के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता न हो। शिक्षा, समता और उद्यमिता की परिकल्पना के साथ बिहार के लोगों को जातिवाद, संप्रदायवाद, लिंगभेद आदि से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में योगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में लोग भी इस अभियान से जुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने रोहतास की धरती को नमन करते हुए कहा कि अगर ईमानदार एवं निस्वार्थ लोग राजनीति में आने का प्रयास करेंगे तो भी हम जिस बिहार की परिकल्पना कर रहे हैं वह कुछ लोगों के राजनीति में आने से संभव नहीं है। हमारा समाज जाति और संप्रदाय के नाम पर खंड-खंड में बंटा हुआ है और राजनीतिक पार्टियां भी इसी विवशता से अपना समीकरण बनाकर राजनीति करती है। यह राजनीतिक एवं धार्मिक अभियान नहीं है और जो लोग भी इस अभियान से जुड़े हैं वे बिहार को अपने जीवन काल में बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। विकास वैभव ने कहा कि जब ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज जैसे विश्वविद्यालय की यूरोप में कल्पना भी नहीं हुई थी तब बिहार में नालंदा व विक्रमशिला विश्वविद्यालय स्थापित हो चुके थे और पूरे विश्व से लोग पढ़ने आते थे। लेकिन आज संसाधन होने के बावजूद भी हमारा बिहार जाति और संप्रदाय में बंटने के कारण पिछड़ा हुआ है। वहीं कार्यक्रम को मूल रूप से बिहार के रहने वाले गुजरात के प्रसिद्ध उद्योगपति निशिकांत सिंहा, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, आलोक कुमार रंजन, शिक्षाविद अखिलेश सिंह, शिक्षाविद डॉक्टर एसपी वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया और लोगों से स्वैच्छिक रूप से अभियान के अंतर्गत गठित अध्यायों में जुड़कर बिहार के लिए सकारात्मक योगदान करने की अपील की। बता दें कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बिहार में उद्यमिता की व्यापक क्रांति लाना है, जिससे बिहार में ही रोजगार का अधिकाधिक सृजन हो सके। हर बिहारवासी को शिक्षित एवं स्किल्ड बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को जोड़कर एक व्यापक इकोसिस्टम निर्मित करने पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्वरोजगार, स्टार्ट-अप, उद्यम एवं व्यवसाय के क्षेत्र में युवाओं को हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलेगा। उद्यमिता की क्रांति के बीजारोपण के लिए बिहार के हर जिले में 2028 तक अभियान के माध्यम से 100+ व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने की क्षमता वाले कम से कम 5 सफल स्टार्टअप स्थापित करने का लक्ष्य है और इसी उद्देश्य को लेकर बीते 25 अगस्त को पटना के विद्यापति सभागार में स्टार्ट-अप समिट का आयोजन किया गया था तथा आगामी 22 दिसंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में भी बिहार 2047 विजन कॉन्क्लेव का आयोजन होना है। वृहद जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत करने आए स्थानीय भोजपुरी कलाकार अंकुश राजा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान उन्होंने भक्ति एवं स्थानीय लोकगीतों के साथ-साथ बिहार के समृद्ध विरासत से प्रेरित कई गीतों की प्रस्तुति दी जिस पर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। खासकर युवा एवं महिलाओं में अंकुश राजा को लेकर काफी उत्साह दिखा तथा इन्होंने भी अपने गीतों के माध्यम से बिहार के वैभवशाली इतिहास को पुनः हासिल करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया। जिला मुख्यालय सासाराम के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में आयोजित वृहद जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को भारी भीड़ देखने को मिली।

# जदयू के जिला सम्मेलन में नवादा पहुंचे केंद्रीय एवं बिहार सरकार के मंत्रियों ने गिनाई सरकार की उपलब्धि

**निज संवाददाता | मिथिलेश (नवादा)**





नवादा नगर के ऐतिहासिक गाँधी इंटर विद्यालय नवादा के मैदान में आयोजित जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर के सुपुत्र एवं सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, बिहार सरकार के सुचना जन -सम्पर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व आईएएस मनीष कुमार वर्मा, प्रदेश महिला नेत्री भारती मेहता तथा जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी एवं संचालन जदयू के जिलाउपाध्यक्ष जयशंकर चन्द्रवंशी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि रामनाथ ठाकुर ने बिहार सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में राम मनोहर लोहिया एवं जयप्रकाश नारायण तथा कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा की जननायक कर्पूरी ने जनता से किये वायदों को पूरा किया था। उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म कर बिहार के छात्रों को मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने का मार्ग सुलभ किया था। नीतीश कुमार न्याय यात्रा पर निकले तब अस्पताल, विद्यालय, सड़क, शिक्षा और महिलाएं की बुरा स्थिति देख वे काफी चिंतित हुए और बिहार वासियों के आर्शीवाद से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए तब इसमें सुधार के कई योजनाओं को लागू कर सड़क, शिक्षा तथा अस्पताल आदि की स्थिति को सुधारने का काम किया।

बिहार के विकास में समाजवादियों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार ने लोहिया एवं जननायक के सपनों को पूरा करने का कार्य किया है। आज बिहार में बिजली, सड़क, अस्पताल एवं महिलाओं के विकास के लिये बहुत काम हुआ हैं। उन्होंने लालू राबड़ी के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा की 2005के पूर्व बिहार की स्थिति काफ़ी खराब थी, आपलोगों के दृढ़ संकल्प और सहयोग से सरकार बनी और नीतीश कुमार ने जनता से किये गए वादों को पूरा कर न्याय के साथ विकास करने का कार्य किया। उन्होंने कहा की 1977में भी शराबबंदी क़ानून लागु हुआ था लेकिन शराब माफियायों ने उसे गिरा दिया। नीतीश कुमार ने पुन 2016में शराब बंदी क़ानून को पूरी निर्भीकता के साथ लागु किया। उन्होंने कहा की आपलोगों ने जो निर्णय 2005में लेकर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था उस निर्णय को बरकरार रखें। उन्होंने महाभारत की घटनाओं का जिक्र करते हुए दुर्योधन और कृष्ण संवाद की चर्चा करते हुए कहा की जो समाप्त होने बाला है उसको बचाना हैं इसके लिये आपलोग आने वाले 2025में होने बाले विधानसभा चुनाव में 225सीट सीट देकर नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री बनाएं। समारोह का शुभारम्भ बिहार गीत से हुआ वही आगत सभी अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष ने शाल और बुके देकर किया।

लोकगायक जितेंद्र - धर्मेंद्र दोनों भाइयों ने जनवादी एवं विकास पुरुष नीतीश कुमार के द्वारा किये गए कार्यों की चर्चा अपने गीतों के माध्यम से किया। समारोह में आये सुचना जन सम्पर्क विभाग के मंत्री महेशवर हजारी ने कहा की नीतीश कुमार की इच्छाशक्ति एवं उनके विजन ने बिहार को बदल दिया है। नीतीश कुमार योगी और फकीर की भूमिका में रहकर बिहार वासियों के समस्याओं के समाधान के लिये पुरे जूनून के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने कहा की बिहार में दलितों, पिछड़ों को आरक्षण दिया जिसके कारण इनकी दशा और दिशा बदली है। पंचायती राज में आरक्षण देकर उन्होंने नीचे तबके के लोगों को ऊपर उठाने का कार्य किया है। जदयू ऐसा बगीचा हैं जहाँ हर किस्म के फूल हैं. उन्होंने जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी की प्रशांसा करते हुए कहा की इनके नेतृत्व में नवादा जदयू संगठन काफ़ी मजबूती से काम कर रहा हैं। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भारती मेहता ने कहा की नीतीश कुमार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। इतिहास में पहले व्यक्ति नीतीश कुमार हैं जो महिलाओं की वकालत करते हैं। इन्होंने महिला शशक्तिकरण की मिसाल क़ायम किया है। 2006 में इन्होंने पंचायती राज में 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। प्राथमिक शिक्षक नियोजन हो या बिहार में महिला पुलिस बतालियन हो आज बिहार की बेटी सुरक्षा के लिये बंदूक लेकर पुलिस की वर्दी में ख़डी हैं यह नीतीश कुमार की देन है। समता मुलक समाज की स्थापना करने एवं बेटियों के लिये सैकड़ो योजनाओं को संचालित करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, जिनकी योजनाओं को दूसरे प्रदेशों में लागु किया जा रहा है। बंदूक लेकर खड़ी बेटियां बदलते बिहार की प्रतीक है। सभा को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा ने कहा की बिहार की बागडोर नीतीश कुमार के हाथों में आने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय के लिये वजट बढ़ गयी हैं। 2005 के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण का वजट आज 700 करोड़ का हो गया है। उस समय कब्रिस्तान की हालत क्या थी आज बिहार में आठ हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी और दो हजार मदरसो का जीर्णोद्धार हुआ है। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के कार्यकर्ताओं से अपील किया की बिहार के मुसलमानों के लिये 2025 में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री होना जरूरी हैं आपलोग पुरे जोश खरोष के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव में योगदान दें। उन्होंने कहा की हज भवन में आज आईएएस की कोचिंग हो रही है कई छात्रों ने सफलता भी पाई हैं। ज़ब तक नीतीश कुमार जिन्दा हैं अल्पसंख्यक समुदाय को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं।जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने कहा की जदयू विचारधारा की पार्टी है, आज नवादा के लोग आजाद हो गए है, आज लोग नीतीश कुमार का जय जयकार कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज की भीड़ को देखने से लग रहा है कि पार्टी के सभी इकाईयों में नई उर्जा भर गई है।

उन्होंने कहा कि इस भीड़ से मुझे उम्मिद ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नवादा के कुल पांचों विधानसभा सीट जदयू की झोली में जाना निश्चित है। उन्होंने कहा कि जदयू एक पार्टी है, जदयू एक विचार धारा की पार्टी है। होकर अंलकृत हुई है, जिसे जमीन पर उतारने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है। समाजवाद के प्रणेता राम मनोहर लोहिया एवं लोक नायक जय प्रकाश नारायण के विचारधारा को अपनाकर चलने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास की नई इबारत लिखी है उन्होंने जो सपना देखा था उसको पूरा करने का कार्य किया है। आपलोगों ने जो संघर्ष में आहुति दिया है उसी का संकल्प है बिहार को बदलने की।

उन्होंने कहा की बिहार की परिकल्पना में आपकी शक्ति भी समाहित है जो नीतीश कुमार को ऊर्जा देती है आप लोग आने वाले 2025 के चुनाव की तैयारी में लग जाएं। सभा को नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी साहू, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रसाद कुशवाहा, राजकिशोर दांगी, जदयू सलाहकार समिति के सदस्य एवं प्रभारी डॉ सतीश कुशवाहा, वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय, जदयू जिलाध्यक्ष महासचिव नवीन कुमार, वारिसलीगंज नगर परिषद उपाध्यक्ष अरुण कुमार, चकवाय पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार, मनोहर पासवान, जीवन लाल चंद्रवंशी, प्रो जीवन लाल चन्द्रवंशी, सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। मंच पर अशोक यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। जनता दल (यू) के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू राबड़ी पर करारा प्रहार करते हुए कहा की नीतीश कुमार ने जाति धर्म की बुनियाद पर राजनीति नहीं किया हैं। उन्होंने कहा की बिहार में शराबबंदी लागु हैं और राजद ने शराब कम्पनीयों से 45 करोड़ 64 लाख रूपया रिश्वत लिया है। उन्होंने कहा की इसका प्रमाण भी है। उन्होंने कहा की लालू यादव ने जननायक कर्पूरी ठाकुर का अपमान किया हैं जो माफ़ी योग्य नहीं हैं। उन्होंने कहा की लालू यादव के डीएनए में भ्रष्टाचार हैं। उन्होने सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं से तेजस्वी पर तंज कस्ते हुए कहा की जो व्यक्ति आठवा क्लास भी पास नहीं हैं वह नौकरी बॉटने की बात करता हैं। लालू यादव ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिया और अपने भाइयों को भी नहीं वख्सा।

उन्होंने एमएलसी अशोक कुमार का जदयू में शामिल होने पर कहा की नवादा में इनके पार्टी में आने से संगठन काफ़ी मजबूत होगा। नेताओं के आगमन पर जिले के सीमा से सटे खरांठ मोड़ पर हजारों कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया और फूल माला से लाद दिया। सैकड़ों गाड़ियों का काफिला खरांठ मोड़ से चलते हुए डेढ़ घंटे बाद गांधी स्कुल स्थित मंच तक पहुंचा क्योंकि जगह जगह कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने उनके स्वागत की तैयारियां कर रखी थी। ख़ास कर पकड़िया अंबिका बिगहा, ओढ़नपुर, नहर पर, अकौना के लोगों ने गाड़ी रोककर अपने लोकप्रिय नेता का स्वागत किया। जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में जिले के जदयू के पूर्व विधायक कौशल यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सह स्थानीय निकाय विधान पार्षद सलमान रागिव सम्मेलन में नहीं दिखे। कौशल यादव का खेमा का कोई कार्यकर्ता भी सम्मेलन में मौजूद नहीं हुए। अशोक यादव के जदयू का दामन थामने के बाद जिले की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का हुआ आयोजन




**निज संवाददाता | पटना**

मिथिला संस्कृति विकास समिति, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 2024 का समापन रविवार को हुआ। उद्घाटन जदयू कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने किया। उन्होंने मैथिली और मिथिला के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य अतिथि विधायक मीना कामत और विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव चौरसिया ने भी समारोह को संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष संजीव झा ने संविधान को मैथिली में प्रकाशित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। समारोह के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं ने मैथिली और मिथिला के विकास पर जोर दिया और इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की अपील की।

## महादलित बस्ती में तीन माह से खराब है ट्रांसफॉर्मर, जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत के वार्ड संख्या 4 में स्थित एक महादलित बस्ती में ट्रांसफॉर्मर विगत तीन दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत किये जाने के बाद भी अबतक न तो खराब ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत की गई और न ही नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। तकनीकी दौर में बिना बिजली के एक दिन भी लोगों का जीवन-गुजर बसर नहीं हो सकता है, क्योंकि लोग जीने के लिए भौतिक जरूरतों पर निर्भर रहते हैं। इसके लिए बिजली का होना अत्यंत आवश्यक है। ट्रांसफॉर्मर के खराब होने के कारण लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण विकास राजवंशी, जमुनवा देवी, कुंती देवी, पवन राजवंशी, कारू मुसहर व केदार भुइयां ने बताया कि वे अपने जीवन-यापन के लिए खेतों में मजदूरी का कार्य करते हैं।मेहनत व मजदूरी कर अपने बच्चे को पढ़ा लिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उनके वार्ड संख्या 4 में स्थित बिजली का ट्रांसफॉर्मर विगत तीन-चार माह से खराब पड़ा है। बिजली विभाग से इसकी शिकायत किये जाने पर बिजली विभाग ग्रामीणों से पचास हजार रुपया देने की बात कह रहे हैं। उन्होंने पैसे देने में असमर्थता जताई तो, बिजली विभाग को पैसे नहीं दिए जाने के कारण दर्जनों घरों में अंधेरा छाया हुआ है। पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि पहले जनवितरण प्रणाली की दुकान से राशनकार्ड द्वारा किरोसिन तेल वगैरह दी जाती थी, तो वे रात्रि में लालटेन व ढ़िबरी जलाकर घर-आंगन को रौशन किया करते थे। किंतु विगत कुछ वर्षों से किरोसिन नहीं मिलता है और वे लोग अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि बिहार सरकार महादलितों के उत्थान के लिए तरह-तरह की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। किंतु धरातल पर आज भी महादलितों के साथ अन्याय होते आ रहा है, जिसका जीता-जागता उदाहरण सवैयाटांड़ पंचायत के वार्ड 4 में विगत तीन माह से ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा हुआ है और खराब ट्रांसफॉर्मर को बनवाने के एवज में ग्रामीणों से बिजली विभाग पैसे की मांग कर रहे हैं। इस तरह की व्यवस्था में महादलित समेत गरीब परिवारों का उत्थान होना सपना देखने के समान प्रतीत होता है। इस बाबत बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद ने बताया कि सवैयाटांड़ के वार्ड संख्या 4 में स्थित ट्रांसफॉर्मर से पर्याप्त मात्रा में राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों को राजस्व जमा करने को कहा गया है, किन्तु अबतक राजस्व जमा नहीं किया गया है। राजस्व जमा होने के बाद ट्रांसफॉर्मर की मरम्मती की जाएगी।

## सवैयाटांड़ में माइका खनन हादसा तीन की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाना क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत में माइका खनन के दौरान जान जाने का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन व वन विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बनकर पंचायत में हो रही खनन का तमाशा देख रही है। ताजा मामला रविवार की सुबह सवैयाटांड़ पंचायत के कड़रूआ माइंस पर माइका उत्खनन करने के दौरान चाल धसने से तीन लोगों की मौत व दो के घायल हो की सूचना मिली है। हालांकि सूचना में यह पता नहीं चल सका है कि घटना में कितने महिला व पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के निर्देश पर रजौली अपार थाना अध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार पुलिस बलों के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। लेकिन खबर लिखे जाने तक उन्हें ना तो शव की बरामदगी हो पाई और न ही घायल लोगों की पहचान मिली। क्योंकि माइका माफिया लोग पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव व घायलों को गायब कर चुके थे। जिसके कारण पुलिस देर शाम तक खाक छानकी रही। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कड़रूआ माइंस का संचालन सिमरातरी गांव निवासी महेंद्र तुरिया के द्वारा किया जा रहा था। जहां पर थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के गिरगी गांव के मजदूर खनन का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक चल दास गई और तीन लोगों की मौत व दो लोगों की बुरी तरह से जख्मी होने की सूचना मिली। जिसके बाद पूरे माईका खनन माफियाओं में खलबली मच गई। हालांकि माफियाओं का सूचना तंत्र इतना मजबूत है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही मृतकों के शव को जंगलों में ले भागे और घायलों को रांची के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं। सवैयाटांड़ पंचायत के शारदा, कड़रुआ, सेठवा, फगुनी समेत दर्जनों माइका खदान पर दर्जनों खनन माफियाओं द्वारा दिन के उजाले में ही जिलेटिन और डेटोनेटर की मदद से ब्लास्टिंग कर बेरोकटोक माइका खनन किया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी माइका माइंस से खून के धब्बे देखे हैं।साथ ही ब्लास्टिंग में प्रयुक्त होने वाले स्विच बोर्ड व सोलर पैनल को बरामद किया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन ब्लास्टिंग होती है, जिसकी खबर सपही स्थित चेक नाका पर मौजूद वनकर्मियों को भी है। ब्लास्टिंग के कारण मजदूरों एवं ग्रामीणों के जान-माल को नुकसान पहुंचते रहता है। वहीं बड़ी घटनाओं के बाद वन विभाग व पुलिस कुम्भकर्णी निद्रा से जागते हैं एवं कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेते हैं। इस बाबत अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि एक मजदूर के मृत्यु व दो मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है। सूचना के आलोक में माइंस व मजदूरों के परिजनों से सम्पर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। माइंस से कुछ सामग्री को जब्त किया गया है।

## डा. रामअवधेश का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** जिले के गोंदापुर निवासी डा. रामअवधेश कुमार का चयन बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक के पद पर हुआ है। वे गांधी इंटर विद्यालय नवादा से दशवीं की परीक्षा पास कर पटना के कालेज आफ कामर्स से इण्टर व बी डी इवनिंग कालेज से स्नातक तथा सायंस कालेज पटना के बायोकेमिस्ट्री विभाग से पारा स्नातक की पढ़ाई की। उन्होंने मगध विश्वविद्याल बोधगया से बीएड, पीएचडी की उपाधि हासिल की। वर्ष 2009 से 2023 तक इन्होंने इंटर विद्यालय नारदीगंज+2 शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। जहां से 2023 में बीपी एससी प्रधानाध्यापक के पद पर चयनित हुए। जो फिलहाल उच्च माध्यमिक विद्यालय कनौजी कछुआरा पटना में कार्यरत हैं। मां सुलोचना देवी व पिता अजय कुमार ने भावुक होकर अपनी खुशी जाहिर की। इनकी सफलता से गोंदापुर निवासी व इंटर विद्यालय नारदीगंज से शिक्षकों में खुशी की लहर है।

## विदेशी शराब के साथ बस पर सवार एक धंधेबाज गिरफ्तार



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार ने झारखण्ड से बिहार जा रही एक बस पर सवार एक शराब धंधेबाज के पास से 18 बोतल विदेशी शराब जब्त किया। साथ ही शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से प्रत्येक दिन झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। रविवार के अहले सुबह झारखण्ड की ओर से आ रही एक यात्री बस की जांच की गई। जांच के क्रम में बस में सवार एक युवक के पास रहे बैग से 375 एमएल के 18 बोतल इम्पेरियल ब्लू नामक विदेशी शराब जब्त किया गया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नरहट थाना क्षेत्र के बभनौर गांव निवासी मो. कमाल आजाद के पुत्र मिसबाहुल मुस्तफा के रूप में हुई है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं विभिन्न यात्री बसों व कार से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक में कहा कि सभी शराबियों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से की गई। साथ ही बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को रविवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराबियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी ने जुर्माना राशि जमा किया। इस मौके पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।


बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


# त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जीता खिताब

**लखनऊ, एजेंसी।** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम कर लिया। त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने फाइनल में चीन की बाओ लि जिंग और लि कियान की जोड़ी को हराया और अपना पहला सुपर 300 बैडमिंटन खिताब जीत लिया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य विजेता भारतीय जोड़ी ने इसके साथ ही बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई कर लिया। त्रीसा-गायत्री ने सिर्फ 40 मिनट में लि जिंग और लि कियान की जोड़ी को 21-18, 21-11 से हराया। त्रीसा-गायत्री भारत की पहली महिला युगल जोड़ी बन गई है जिन्होंने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। त्रीसा और गायत्री की जोड़ी 2022 सीजन में उपविजेता रही थी।

तनीषा-कपिल और कृष्णमूर्ति-प्रतीक फाइनल में हारे

भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उपविजेता के तौर पर समाप्त किया। पृथ्वी और साई ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले पांचवी वरीयता प्राप्त तनीषा और ध्रुव की जोड़ी एक गेम की बढ़त गंवाकर मिश्रित युगल के फाइनल में थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह



और सुपिसारा पाएवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18, 14-21, 8-21 से पराजित हो गई।

पृथ्वी और साई ने पहले गेम में 8-8 की बराबरी हासिल की हुई थी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में वापसी करते हुए भारतीयों ने ब्रेक तक 11-7 से बढ़त बना ली और यह गेम हासिल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने साई के ताकतवर स्मैश की बदौलत 1-5 से उबरते हुए 7-7 से बराबरी प्राप्त की। लेकिन 17-18 का अंतर कम करने के बावजूद चीन की जोड़ी ने संयम बरतते हुए मैच जीत लिया। मिश्रित युगल के फाइनल में तनीषा और ध्रुव 6-0 से आगे थे। लेकिन थाईलैंड की जोड़ी ने वापसी करते हुए बढ़त 14-12 कर दी। दोनों जोड़ियां फिर 18-18 से बराबर थीं। तनीषा ने अहम मौके पर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाया और पहला गेम भारतीयों की झोली में चला गया।

## टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा ने दी बड़ी कुर्बानी!

● 6 साल बाद देखने को मिल सकता है ये नजारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में रोहित शर्मा के बिना उतरी थी. लेकिन एडिलेड टेस्ट में रोहित शर्मा ही टीम की कमान संभालेंगे. पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी के लिए टीम इंडिया प्राइम मिनिस्टर ङ्क1 के खिलाफ दो दिवसीय वॉर्म अप मैच कैनबरा में खेल रही है. टीम इंडिया को अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के लिए सिर्फ 1 दिन का ही समय मिला है. इसी से टीम को प्लेइंग-11 की समस्या को भी दूर करना है. ऐसे में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ा फैसला लिया है, जिससे प्लेइंग 11 को लेकर एक बड़ा संकेत मिला है. रोहित शर्मा की जगह पहले मुकाबले में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने ओपनिंग की थी, ऐसे में सबसे बड़ा सवाल ये है कि रोहित की वापसी के बाद राहुल कहां खेलेंगे? इस सवाल का जवाब कहीं ना कहीं वॉर्म अप मैच से मिल गया है. दरअसल, इस मुकाबले में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने ही पारी की शुरुआत की है, यानी एडिलेड में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल सकता है. केएल राहुल ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में 26 रन और दूसरी पारी में 77 रन बनाए थे. इस मैच में वह काफी कंट्रोल में नजर आए थे, ऐसे में रोहित एडिलेड टेस्ट में अपनी कंट्रोल की कुर्बानी दे सकते हैं.

### 6 साल बाद देखने को मिल सकता है ये नजारा

बता दें, रोहित शर्मा ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत बतौर ओपनर नहीं की थी. वह टीम इंडिया के लिए मिडिल ऑर्डर या फिर लोअर ऑर्डर में ही खेलते थे. उन्होंने साल 2019 से टेस्ट में ओपनिंग की शुरुआत की थी. इससे बाद से ही वह टेस्ट में लगातार ओपनिंग करते हुए आ रहे हैं. बता दें, रोहित ने साल 2018 में आखिरी बार बिना ओपनर के टीम इंडिया के लिए टेस्ट मैच खेला था. तब रोहित 2018 ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबॉर्न में छठे नंबर पर खेले थे. अब 6 साल बाद वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया में ही बिना ओपनिंग के खेलते हुए नजर आ सकते हैं.

## पृथ्वी शॉ की पारी से जीता मुंबई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के ग्रुप सी के मुकाबले में झारखंड का सामना हरियाणा के साथ हुआ। इस मैच में विराट सिंह ने कप्तानी पारी खेलते हुए झारखंड को एक विकेट से जीत दिलाई तो वहीं इस टूर्नामेंट में ग्रुप ई के मुकाबले में मुंबई ने नागालैंड को 7 विकेट से हरा दिया और मुंबई की जीत में पृथ्वी शॉ चमक गए। हालांकि इस मैच में मुंबई के गेंदबाज खास तौर पर शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी की गेंदबाजी शानदार रही।



मुंबई को जीत के लिए 108 रन का आसान लक्ष्य मिला था और इस टीम के लिए ओपनर पृथ्वी शॉ ने 29 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 40 रन की तेज पारी खेली जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी 41 रन बनाए और नाबाद रहे। कप्तान श्रेयस अय्यर इस मैच में बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतरे।



# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को हराया

● बेथेल की डेब्यू मैच में फिफ्टी और कार्से के 6 विकेट

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** जैकब बेथेल के डेब्यू मैच में नाबाद अर्धशतक और उसके बाद ब्रायडन कार्से (6-42) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन 8 विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत ने उन्हें तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाने में मदद की और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उनके स्टैंडिंग पॉइंट प्रतिशत को 43.75 के साथ सुधारा है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने अपने पॉइंट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक गिरा दिया और उनके डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालीफिकेशन की संभावनाओं को भारी झटका लगा।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन हैगले ओवल में 155/6 से आगे खेलने के बाद न्यूजीलैंड ने अपने ओवरनाइट स्कोर में 99 रन जोड़े, क्योंकि कार्से ने सुबह के सत्र में मेजबान की सकारात्मक शुरुआत को बाधित करते हुए रविवार को अपनी दूसरी पारी में 254 रन पर समेट दिया। कार्से ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 6/42 के आंकड़े की मदद से शेष चार विकेटों में से तीन को चटकाया जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि इंग्लैंड को जीत हासिल करने के लिए केवल 104 रनों का पीछा करना पड़ा।

यह कार्य 8.21 की प्रभावशाली स्कोरिंग दर से आसानी से पूरा हुआ, क्योंकि जैकब बेथेल ने अपने डेब्यू पर शानदार नाबाद अर्धशतक लगाया जिसे केवल 37 गेंदों में हासिल किया गया, जिससे इंग्लैंड ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

जबकि कार्से अपने 10/106 के गेंदबाजी आंकड़े के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जो 16 वर्षों में विदेश में 10 विकेट लेने वाले पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज हैं। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर न्यूजीलैंड ने वापसी कर रहे केन विलियमसन के शानदार 93 रनों की बदौलत पहली पारी में 348 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड 71/4 पर संघर्ष कर रहा था इससे पहले हैरी ब्रूक के 171 रनों की मदद से मेहमान टीम ने 151 रनों की शानदार बढ़त हासिल की जो उनकी जीत की वजह बना।

## जो रूट ने टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए सबसे ज्यादा रन

### सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के दौरान टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1625 रनों के आंकड़े को पार किया जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

रूट के नाम वर्तमान में चौथी पारी में 1630 रन दर्ज हैं। पिछले महीने रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ा था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि सिर्फ 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की जबकि कुक ने 161 टेस्ट और 291 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रूट से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं। इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक जड़कर शतकों की संख्या में कुक को पीछे छोड़ दिया था और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए थे।

# मुंबई के लिए आखिरी 2 मैच खेलेंगे सूर्यकुमार यादव

**मुंबई, एजेंसी।** 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह हैदराबाद में होने वाले आखिरी दो टी20 मैच खेलेंगे। मुंबई अपने आखिरी दो मैचों में 3 दिसंबर और 5 दिसंबर को सर्विसेज और आंध्र से भिड़ेगी। सूर्यकुमार यादव अपनी बहन की शादी के कारण चार लीग मैच नहीं खेल पाए और अब उनके सोमवार शाम को मुंबई टीम से जुड़ने की उम्मीद है। सूत्र ने बताया, उन्होंने हमें बताया है कि वे आखिरी टी20 मैच खेलने के इच्छुक हैं और एमसीए ने उनका नाम जोड़ दिया है। वे सोमवार को वापस आएंगे। सूर्यकुमार यादव को 5वें नंबर पर खेलना पड़ सकता है. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई की टीम भारत के शॉर्ट फॉर्मेट कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करेगी। मुंबई के टॉप -4 में पृथ्वी शॉ, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे ने बल्लेबाजी की है। अगर सूर्यकुमार यादव टीम में आते हैं तो उन्हें पांचवें नंबर पर उतरना पड़ सकता है। मिस्टर 360 डिग्री भारतीय टीम के लिए शीर्ष चार में बल्लेबाजी करते हैं। टीम प्रबंधन और मुंबई के कप्तान अय्यर उनकी बल्लेबाजी क्रम पर फैसला लेंगे। जब एमसीए के एक अधिकारी ने सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, ÷ सूर्यकुमार यादव एक टीम मैन है, वह किसी भी पोजिशन पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, अगर टीम चाहे तो वह अपनी पोजिशन का त्याग भी कर सकते हैं। भारत के लिए खेलने के बावजूद उन्होंने कभी कोई घरेलू मैच नहीं छोड़ा है। जब वह खाली होते हैं, तो वह भारत का एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो मुंबई के मैदानों पर मैच खेलते हैं। उन्हें खेलना पसंद है।



## बैडमिंटनः सैयद मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंधु ने उन्नति और लक्ष्य ने शोगो को हराया

### फाइनल में पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीवी सिंधू ने शनिवार को हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में अल्मोढ़ा के लक्ष्य सेन ने जापान के शोगो ओगावा को 42 मिनट में 21-8, 21-14 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। सिंधू सैयद मोदी टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब की दहलीज पर हैं। पुरुष एकल में अल्मोढ़ा के लक्ष्य सेन ने जापान के शोगो ओगावा को 42 मिनट में 21-8, 21-14 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में 17 साल की उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। उन्नति ने कई बेजा गलतियां की जिससे सिंधू ने आसानी से मैच पर नियंत्रण बना लिया। पूर्व विश्व चैंपियन और अब दुनिया में 18वें नंबर की खिलाड़ी का सामना अब थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले अन्य सेमीफाइनल के विजेता के साथ होगा।

तनीषा और ध्रुव की जोड़ी भी खिताबी मुकाबले में

इससे पहले तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त तनीषा-कपिला की भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया।

उनका अगला मुकाबला चीन की पिन यी लियाओ और के शिन हुआंग तथा थाईलैंड की डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## 19 साल का बल्लेबाज अकेले टीम इंडिया पर पड़ा भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया की प्राइम मिनिस्टर्स के बीच पिंक बॉल से वॉर्म अप मैच खेला जा रहा है. कैनबरा में हुए इस मुकाबले में 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सैम कॉन्सटस ने महज 90 गेंद में शतक ठोक दिया. ओपनिंग करते हुए उन्होंने 97 गेंद में 107 रन की पारी खेली. बता दें पैट कमिंस की टीम फिलहाल ओपनिंग जोड़ी को लेकर परेशान है. इसके बावजूद कॉन्सटस को पर्थ टेस्ट में मौका नहीं दिया था. उन्होंने मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले नाथन मैकस्वीने को पहले टेस्ट में ओपन करने की जिम्मेदारी दी थी, जो भारत के सामने फेल रहे थे.



अकेले टीम इंडिया पर पड़े भारी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट एडिलेड में पिंक बॉल से खेला जाएगा. यह एक डे-नाइट टेस्ट होगा. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की प्राइम मिनिस्टर्स के खिलाफ टीम इंडिया पिंक बॉल से वॉर्म अप मैच खेल रही है. मुकाबला का पहला दिन बारिश के कारण रद्द होने के बाद दूसरे दिन कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी. प्राइम मिनिस्टर्स के लिए खेल रहे सैम कॉन्सटस अपने ओपनिंग मैट रेनशॉ के साथ बैटिंग करने आए.

22 रन पर उनकी टीम ने 2 विकेट गंवा दिए. इसके बाद कॉन्सटस ने पहले सिराज और आकाश दीप के कठिन स्पेल का सामना किया. फिर नजरें जमाने के बाद बड़े शॉट खेलने शुरू किए और 90 गेंद में शतक जड़ दिया. इस दौरान उन्होंने 14 चौके और 1 छक्का लगाया. हर्षित राणा के कहर के बावजूद वो टिके रहे. जहां उनकी टीम के 9 बल्लेबाजों ने मिलकर 126 रन बनाए, वहीं कॉन्टस ने अकेले 107 रन बना डाले.

फिर हुआ अनिल कुंबले जैसा कारनामा

## बिहार के सुमन कुमार ने एक ही पारी में सभी 10 विकेट लेकर ऐतिहासिक कारनामा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार का समस्तीपुर शहर तब चर्चाओं में आया था जब IPL 2025 मेगा ऑक्शन में 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था. अब इसी शहर से आने वाले सुमन कुमार ने एक ही पारी में सभी 10 विकेट लेकर ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया है. कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 टूर्नामेंट में राजस्थान के खिलाफ मैच में बिहार के लिए खेलते हुए कुमार ने 10 विकेट लिए हैं. उनका यह कारनामा इसलिए भी यादगार बना क्योंकि पारी के 36वें ओवर में उन्होंने हैट्रिक भी ली है.



पटना के मोईन उल हक स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच की पहली पारी में बिहार ने 467 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. बिहार के लिए दीपेश गुप्ता ने नाबाद 183 रन और पृथ्वी राज ने भी 128 रनों की पारी खेली थी. जवाब में राजस्थान को शुरुआत तो अच्छी मिली, लेकिन सुमन कुमार ने ऐसा कहर बरपाया कि उन्होंने राजस्थान टीम के सभी 10 विकेट चटका डाले. उन्होंने 33.5 ओवर गेंदबाजी की, जिनमें उन्होंने 53 रन देकर 10 विकेट लिए. भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले इंटरनेशल क्रिकेट में ऐसा कारनामा कर चुके हैं.

### 36वें ओवर में हैट्रिक

सुमन कुमार ने पारी के 36वें ओवर में हैट्रिक भी ली. उन्होंने मोहित भगतानी, अनस और फिर सचिन शर्मा को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया.

ये भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट के मौजूदा सीजन में दूसरा मौका है जब किसी गेंदबाज ने एक ही पारी में 10 विकेट लिए हों. उनसे पहले रणजी ट्रॉफी 2024-2025 में हरियाणा के लिए खेलते हुए अंशुल कंबोज ने केरल के खिलाफ भिड़त में सभी 10 विकेट लिए थे. बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने सुमन कुमार की तारीफ में कहा, सुमन कुमार द्वारा एक ही पारी में 10 विकेट लेना बिहार क्रिकेट के लिए गौरव का विषय है. उनकी स्किल और क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता बिहार में क्रिकेट के बढ़ते स्तर को दर्शाता है. यह दर्शाता है कि बिहार राज्य अब राष्ट्रीय स्तर पर बढ़िया खिलाड़ियों को तैयार कर रहा है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### धक्का मारकर भाग रही कार में लगी आग

**पटना (नि. सं.)।** पटना के बोरिंग केनाल रोड स्थित गोरखनाथ लेन में धक्का मारकर भाग रही कार में आग लग गई। बीच सड़क पर आग लगने से लोग भागने लगे। कार में सवार लोग निकल कर भाग गए हैं। इसमें करीब 5 लोग सवार थे। किसी की पहचान नहीं हो सकी है। गाड़ी गुजरात नंबर जीए07एच8741 की है। चश्मदीदों के अनुसार गाड़ी पास के चौराहे पर एक बाइक सवार से टच कर गई थी। इसके बाद दोनों में बीच सड़क पर कहासुनी हो गई। इसी बीच वह गोरखनाथ लेन के तरफ भागने की कोशिश किया। गाड़ी बैक हुई, फिर से दो-तीन लोगों को मामूली धक्का लग गया। इसके बाद लोगों ने कार पर पथराव कर दिया। गाड़ी काफी स्पीड से गोरखनाथ लेन से निकल रही थी। गली के भीतर दीवार से टकरा गई। फिर कार में आग लग गई। आग लगने के बाद कार सवार घटनास्थल से गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। जब तक गाड़ी पहुंची, उस वक्त गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। अंदर रखे सामान भी जल गए थे। लेकिन आग की लपट तेज थी। अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद तीन गाड़ी मौके पर भेजी गई। समय रहते आग बुझा लिया गया। जांच का विषय है कि इस गाड़ी का ऑनर कौन है, क्योंकि अभी तक सभी फरार हैं। इस पर एक कमेटी बनाकर जांच कराई जाएगी। बहरहाल स्थिति नियंत्रण में है। इलाके की बिजली सप्लाई कुछ देर के लिए ठप की गई है। अग्निशमन पदाधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

### जमीन कारोबारी की घर में घुसकर की हत्या

**पटना (नि. सं.)।** पटना के दानापुर में गुरुवार की शाम अपराधियों ने जमीन कारोबारी पारस राय (60) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस पूरी घटना का रविवार को वीडियो सामने आया है। वीडियो में कुल 5 अपराधी दिख रहे हैं। इनमें से तीन अपराधी पहले बुजुर्ग का पीछा करते हुए नजर आ रहे हैं। फिर घर में घुसकर पारस राय पर फायरिंग करते हैं। घर के दरवाजे पर ही एक के बाद एक तीन गोली मारकर तीनों बाहर निकलते हैं। गोली पारस राय के सिर, पैर और पीठ में लगती है। वे जमीन पर ही तड़पते रहते हैं। फायरिंग के बाद दो बाइक सवार बदमाश पहुंचते हैं और दोनों बाइक पर पांचों अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो जाते हैं। पहचान छिपाने के लिए बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था। वारदात के बाद मौके से पुलिस ने 9 खोखे बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि वारदात के 40 घंटे बाद कारोबारी के बेटे प्रमोद ने मृतक के सगे छोटे भाई शंभू राय, उनकी पत्नी दुर्गावती देवी, 2 बेटे राज किशोर, नंद किशोर, बहू सुनैना देवी समेत 9 लोगों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज कराई है। पुलिस को प्रमोद ने बताया, 'चाचा शंभू राय से पिता का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद की वजह से चाचा ने अपने बेटों और बहू के साथ मिलकर हत्या करवाई है।

### बिहार के हर यूनिवर्सिटी व कॉलेज कैंपस में एम्बेसडर बनाएगी एनएसयूआई

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई, नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), ने बिहार के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में एम्बेसडर बनाने का ऐलान किया है। इन एम्बेसडरों के माध्यम से छात्र राजनीति में एक नया आयाम स्थापित किया जाएगा, जो छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ कक्षा में बेहतर शैक्षिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करेगा। 'हमारा कैंपस-हमारी जिम्मेदारी' और 'हमारा क्लासरूम-हमारी जिम्मेदारी' जैसे प्रेरणादायक स्लोगनों के साथ छात्रों को इस पहल में जोड़ा जाएगा। यह बातें एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद उर्फ सूरज यादव ने रविवार को औरंगाबाद में आयोजित छात्र संवाद यात्रा के दौरान कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं के बढ़ते संख्या के बावजूद राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्या में कमी पर चिंता जताई। प्रसाद ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम सरकार को इस मुद्दे पर सचेत करेंगे और हर जिले में एक विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में एनएसयूआई के पूर्व छात्र नेता आशुतोष कुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई न केवल एक राजनीतिक संगठन है, बल्कि समाज सेवा और छात्रों के संघर्षों को नया दिशा देने के लिए भी जाना जाता है।

विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान, शहरभर में रैली और कार्यशाला का आयोजन

# एचआईवी से बचाव के लिए केवल लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक से रक्त का प्रयोग करने की दी गयी सलाह

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभा कक्ष में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स और एचआईवी वायरस के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यशाला में जिले भर के डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, और इसके साथ ही शहर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में डॉक्टरों के अलावा अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और यह रैली शहरभर में विभिन्न मार्गों से होकर निकली।

कार्यशाला की शुरुआत में सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को एड्स और एचआईवी वायरस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) एक वायरस है, जो शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है। यह वायरस शरीर के रोग प्रतिकारक तंत्र को धीरे-धीरे नष्ट करता है, जिससे व्यक्ति किसी भी बीमारी का शिकार हो सकता है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करने के बाद यह वायरस 8 से 10 साल या उससे भी अधिक समय तक शरीर में सक्रिय रहता है, और धीरे-धीरे शरीर की रोग प्रतिकारक क्षमता को कमजोर करता है। यह संक्रमण व्यक्ति को ऐसे स्थिति में ले आता है, जहाँ उसे संक्रमण या किसी अन्य बीमारी से लड़ने की क्षमता नहीं रहती है, और इस स्थिति को एड्स (एसीक्वायरड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम) कहा जाता है।

सिविल सर्जन ने इस दौरान एड्स से बचाव के लिए कुछ प्रमुख उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि यौन संबंधों के दौरान कंडोम का इस्तेमाल करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, केवल लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक से रक्त का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि कभी भी सुई और सिरिंज का पुनः प्रयोग न करें, और हर बार नई या उबली हुई सुई का इस्तेमाल करें। कार्यशाला में उपस्थित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभा रानी ने एचआईवी और एड्स से संबंधित जागरूकता को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एचआईवी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन इसका सही इलाज और उपचार संभव है। इसके साथ ही उन्होंने समाज में एड्स और एचआईवी के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता जताई। डॉ. शोभा ने यह भी कहा कि यह संक्रमण छूआछूत से नहीं फैलता है, और इसलिए हमें संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाने की बजाय, उनके प्रति सहानुभूति और सहयोग का भाव रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सही जानकारी और शिक्षा के माध्यम से हम इस बीमारी के प्रभाव को कम कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि समाज में इस बीमारी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, ताकि संक्रमित व्यक्ति को मानसिक और सामाजिक समर्थन मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि यह संक्रमण समय रहते इलाज और जागरूकता से नियंत्रित किया जा सकता है, और इसलिए हमें एचआईवी और एड्स के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

कार्यशाला के दौरान अस्पताल के मैनेजर हेमंत राजन, वैक्सीनेशन कोल्डचेन मैनेजर अर्शी अली, और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस बीमारी के प्रति जागरूक रहें और संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करें।

इस कार्यशाला और जागरूकता रैली का उद्देश्य जिले में एड्स और एचआईवी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि लोग इस बीमारी के प्रति सही जानकारी प्राप्त करें और इसका प्रभावी तरीके से इलाज करवा सकें। साथ ही, यह कार्यक्रम समाज में इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### एचआईवी संक्रमण असुरक्षित यौन संबंधों और रक्त के माध्यम से ही फैलता : डा. रवि रंजन

इस अवसर पर जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने भी एचआईवी और एड्स के प्रसार के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंधों, संक्रमित सुई और सिरिंज के पुनः उपयोग, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पादों के चढ़ाने से, और संक्रमित मां से उसके शिशु को ही होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचआईवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में केवल इन चार तरीकों से फैलता है। डॉ. रंजन ने यह भी कहा कि एचआईवी संक्रमण को लेकर समाज में कई भ्रांतियाँ हैं, जैसे यह छूने से फैलता है या आम सामाजिक गतिविधियों में इसका संक्रमण हो सकता है। उन्होंने इन भ्रांतियों को दूर किया और बताया कि एचआईवी संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंधों और रक्त के माध्यम से ही फैलता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक व्यवहार जैसे कि हाथ मिलाना, गले मिलना, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, टॉयलेट, स्विमिंग पूल आदि के सामूहिक उपयोग से एचआईवी संक्रमण का खतरा नहीं होता है।

# ट्रक दुर्घटना में तीन बच्चे और एक बुजुर्ग घायल, एक बच्चे की मौत



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 पर स्थित बसतपुर टोल गेट के पास एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़े तीन बच्चों और एक बुजुर्ग को रौंदते हुए खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दिल दहला देने वाली दुर्घटना में एक 12 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य सभी घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद मदनपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। मृतक बच्चे की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव के निवासी सुरजीत यादव के 12 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल बच्चों की पहचान कुशहा गांव के ही गया प्रसाद यादव के 12 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार और योगेंद्र यादव के 14 वर्षीय पुत्र संकित कुमार के रूप में हुई है।

इसके अलावा, दुर्घटना में एक वृद्ध व्यक्ति भी घायल हुआ है, जो अपने विवाहित बेटी के घर कुशहा आया हुआ था। दुर्घटना के समय वह सड़क किनारे खड़ा था और अचानक ट्रक के चपेट में आ गया। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया, और इस घटना ने समूचे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। हादसे के शिकार विक्रम कुमार के परिवार में मातम का माहौल है। उल्लेखनीय है कि विक्रम के परिवार में यह दुखों का एक सिलसिला बन गया है। जितिया पर्व के दिन ही विक्रम के चचेरी बहन की मौत हुई थी, और महज एक महीने बाद चचेरे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस परिवार के लिए यह एक के बाद एक दुखों का दौर बन गया है, और अब संकित कुमार अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

# रफीगंज प्रखंड के 20 पैक्स में 8 नए अध्यक्ष निर्वाचित, शेष पुराने

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

पैक्स चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतगणना देर रात तक चलती रही है। देर रात 8 पैक्स का मतगणना संपन्न हुई, जिसमें बलिगांव पैक्स से पूर्व पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को 455 मत एवं इसके प्रतिद्वंदी पूर्व पैक्स अध्यक्ष करीमन सिंह को 411 मत प्राप्त हुये। 44 मतों से मनोज सिंह विजयी हुये। लोहरा पैक्स से महेश यादव को 450 मत एवं रामनरेश यादव को 395 मत प्राप्त हुए। 55 वोट से महेश यादव विजयी हुए। बघौरा पैक्स से पूर्व अध्यक्ष राम सुचित सिंह के पुत्री बेबी देवी को 373 मत एवं राजदेव यादव को 322 मत प्राप्त हुए। बेबी देवी 51मतों से विजयी हुईं। बलार पैक्स से उमेश यादव को 562 मत एवं श्रवण यादव को 535 मत प्राप्त हुए। 27 मतों से उमेश यादव विजयी हुए। बौर पैक्स से लगातार छठी बार रामस्वरूप यादव पैक्स अध्यक्ष बने। रामस्वरूप यादव को 1000 मत एवं कमल जी को 734 मत प्राप्त हुये। 266 मतों से रामस्वरूप विजयी हुए। भदुकी कला पैक्स से ओमप्रकाश कुमार भारती उर्फ गुड्डू यादव को 359 मत एवं मोहन यादव को 297 मत प्राप्त हुए। 62 मतों से ओमप्रकाश विजयी हुए। लट्टा पैक्स से राकेश शर्मा उर्फ झुनुक को 676 एवं सुरेंद्र शर्मा को 571 मत प्राप्त हुये।105 मतों से झुनुक शर्मा विजयी हुए। भदवा पैक्स से नीरज सिंह को 514 एवं राकेश सिंह को 510 मत प्राप्त हुये। 4 मतों से नीरज सिंह विजयी हुए। चरकावां पंचायत, बलार,पोगर, ढोसिला, भदवा, बलिगांव, भदूकीकला, दुग्गुल पंचायत मे नये चुने गये।

आयोजित जदयू जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे हजारों कार्यकर्ता, नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास पर हुई चर्चा

# औरंगाबाद में दो हजार किमी सड़क का होगा निर्माण जून से पहले बनेंगे 45 पुल : अशोक चौधरी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंदाबाद के नगर भवन में जदयू जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का रविवार को आयोजन हुआ। सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान और प्रद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री अशोक चौधरी ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की मजबूती और सीएम नीतीश के नेतृत्व में बिहार के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य बिहार सरकार के उपलब्धियों को बताना और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करना है। मुख्यमंत्री ने बिना भेदभाव के सभी वर्ग और धर्म के लोगों का विकास किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह परिकल्पना है कि राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से राजधानी पटना अधिकतम पांच घंटे में लोग पहुंच सकें। इसे साकार किया जा रहा है। औरंगाबाद जिले में करीब दो हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य होगा जो हमारे मेंटेनेंस पॉलिसी से बाहर है। आगामी जून के पहले 45 पुल का निर्माण होगा।

2025 के विधानसभा चुनाव में 225 को पार करना है विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 को पार करना है और बिहार के विकास के लिए एक बार फिर नीतीश कुमार को फिर से सीएम बनाना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक ओर जहां बिहार विकास कर रहा है। वहीं, जदयू भी पूरी तरह से सशक्त हो रही है। कहा कि कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को इसी जोश के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान पूरी तरह से काम करना है। जिससे हम शत प्रतिशत सीटों पर जीत तय कर सकें। इस मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार, एमएलसी संजय सिंह, एमएलसी भागवत सिंह कुशवाहा, रीना यादव, जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव श्याम सिंह, रफीगंज पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, औरंगाबाद पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. निशा सिंह, कुटुंबा पूर्व विधायक ललन भुइयां, पूर्व एमएलसी राजू यादव, कौशल चंद्रवंशी, सुनील कुमार वर्मा, डॉ. सुधीर गुप्ता, नेयाज अशरफी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नवीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के हत्यारों का खुलासा करेगी पुलिस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



### पुलिस ने बनाई एसआईटी, तेजी से हो रही जांच

माली थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में माली थाना कांड संख्या-222/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह एसआईटी अब मामले की गहन जांच कर रही है, ताकि हत्यारों का जल्द पता लगाया जा सके।

माली थाना क्षेत्र के अंकोरहा पंचायत के पूर्व मुखिया, पूर्व पैक्स अध्यक्ष और वर्तमान में नवीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे संजय सिंह की शनिवार रात को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात शनिवार की रात को हुई, जब संजय सिंह अपने घर से बाहर थे। घटना की जानकारी मिलते ही माली थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से बयान दर्ज किए। इसके बाद, एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, घटना के बाद संजय सिंह का शव पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। पुलिस ने हत्या के मामले में जांच शुरू कर दी है और अज्ञात अपराधियों की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को, जैसे ही संजय सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद सदर अस्पताल से गांव के पास स्थित नदी किनारे लाया गया, सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। लोग आक्रोशित थे और उन्होंने अध्यक्ष के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की पुलिस से मांग की। सभी लोग अध्यक्ष के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें नमन कर रहे थे। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, और व्यापार मंडल में माहौल काफी गमगीन हो गया है। इस मामले की जांच के लिए पुलिस विभिन्न कोणों से साक्ष्य जुटाने का काम कर रही है, और अधिकारियों का मानना है कि जल्द ही इस हत्या का खुलासा हो जाएगा।

इस दुखद घटना ने न केवल अंकोरहा पंचायत को शोकाकुल कर दिया है, बल्कि समूचे व्यापार मंडल में भी असंतोष और आक्रोश का माहौल बना दिया है। लोगों का मानना है कि इस हत्या के पीछे किसी व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक कारण हो सकते हैं, जिसे लेकर पुलिस की जांच चल रही है।

### फाइनेंस कंपनी की आड़ में लोगों को बना रहे थे ठगी का शिकार, आठ गिरफ्तार

**पटना(नि.सं.)।** साइबर थाने की पुलिस ने फर्जी फाइनेंस कंपनी के कर्मी बनकर लोन पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के छह साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी तेलंगाना के निवासी है। इन्हें रामकृष्णा नगर स्थित एक फ्लैट से दबोचा गया है। वहीं बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी से दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है, गिरोह के दोनों सरगना फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। साइबर थाना डीएसपी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि हाल के दिनों में फाइनेंस कंपनी के नाम ठगी करने के मामलों में इजाफा हुआ है। ठग फोन और लिंक भेजकर उन्हें लोन दिलाने का झांसा देकर खातों से पैसे पार कर देते हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसे कई मामलों की शिकायत मिल रही है। पता चला कि दो युवकों ने उन्हें तीन चार माह पूर्व नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाया गया था। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी के काम में लगा दिया गया। शुरू में उन्हें 15 से 20 हजार महीना देने की बात कहीं गई और बाद में हर एक मामले में 15 से 20 प्रतिशत कमीशन देने का वादा किया गया। इसके बाद इन सभी को साइबर ठगी की ट्रेनिंग दी गई।


# न्यायिक अधिकारी बने तीन बच्चों का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



अधिवक्ता संघ, औरंगाबाद में रविवार को जिले के तीन विधि स्नातकों के बिहार लोक सेवा आयोग की 32वीं न्यायिक सेवा प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर न्यायिक अधिकारी बनने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज राजकुमार, विशिष्ट अतिथि महिला जज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह तथा अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी निधि जयसवाल शामिल हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी अतिथियों को शॉल, बुके और भगवत गीता देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अतिथियों ने न्यायिक अधिकारी बनी कुमारी निश्चया, दिव्या कुमारी और आदर्श को शॉल, बुके और भगवत गीता देकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रधान जिला जज राजकुमार ने कहा कि बच्चों की उपलब्धि पर अभिभावक गौरवान्वित होते हैं। औरंगाबाद जिले के लिए यह गौरव का क्षण है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह ने कहा कि आपने जितनी मेहनत पढ़ाई और सफलता अर्जित करने में की है, आगे आपको उतनी ही मेहनत अच्छे न्यायिक अधिकारी बने रहने के लिए करना होगा। न्यायिक कार्य के साथ सक्रियता बरकरार रखनी होगी। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी निधि जयसवाल ने कहा कि आप सभी का मार्गदर्शन अलग-अलग हो सकता है मगर यह सफलता अनमोल है। आज आपको जो यह सम्मान मिला है, वह जिंदगी भर याद रहेगा। जिला विधिक संघ, औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने कहा कि आप तीनों न्यायिक पदाधिकारी यहां के विधि विधार्थी और युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा के स्तोत्र है। समाजसेवी व अधिवक्ता संघ के पूर्व सचिव कौशल सिंह ने कहा कि औरंगाबादवासियों को विधि स्नातक करने में कठिनाइयां आती है। इसलिए दो साल में विधि महाविद्यालय की स्थापना करेंगे। जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि न्यायिक पदाधिकारी के पद पर निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर जिले का नाम रोशन करें। साहित्यकार सुरेंद्र मिश्रा ने कहा कि पहले बालिकाओं की साक्षरता दर कम थी। अब ये दोनों कुल का भविष्य बना रही है। ज्योतिष शिवनारायण सिंह ने कहा कि हम जिनके शुभचिंतक है, वे काफी आगे बढ़ रहे हैं।

# गोह में पैक्स चुनाव की मतगणना में हेरफेर का आरोप, डीएम से जांच की मांग



निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

गोह प्रखंड में पैक्स चुनाव में धांधली का मामला सामने आया है। चापुक पैक्स प्रत्याशी अजय कुमार शर्मा ने आरोप लगाया है कि चुनाव में हेरफेर की गई है और उन्हें जीत के बावजूद हार का प्रमाण पत्र दिया गया है। अजय कुमार शर्मा का आरोप है कि जब मतगणना हो रही थी, तो वह दादर बूथ से आगे चल रहे थे, लेकिन तभी पैक्स प्रत्याशी लक्ष्मीकांत सिंह ने हंगामा किया और मतगणना रोक दी गई। इसके बाद अजय कुमार शर्मा को बाहर कर दिया गया और तीन-चार घंटे बाद मतगणना फिर से शुरू की गई, जिसमें लक्ष्मीकांत सिंह को 32 वोट से जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। अजय कुमार शर्मा ने बताया कि जब वह शौचालय करने गए, तो उन्होंने ब्लॉक कैम्पस मे ही कुछ मतपत्र कूड़े में फेंके हुए देखे। जब उन्होंने अपने मोबाइल की लाइट से देखा, तो उन्हें अपने पक्ष में दिए गए वोट का मतपत्र मिला। अजय कुमार शर्मा ने इस मामले में प्रखंड बिकास पदाधिकारी गोह,जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, आयुक्त मगध प्रमंडल गया, मतदान पदाधिकारी और राज्य चुनाव प्राधिकार पटना को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है।

# हथियार और कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



जिले के ओबरा प्रखंड के खुदवां पुलिस ने पैक्स चुनाव से वाहन चेकिंग के दौरान एक देसी पिस्टल, 1 कारतूस, 2 मैगजीन और एक अपाची बाइक के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। औरंगाबाद जिले के 3 प्रखंड ओबरा, दाउदनगर और बारुण प्रखंड में 5वें चरण में मतदान 3 दिसंबर को होना है। गिरफ्तार व्यक्ति खुदवां थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी भूषण यादव और चातर टोल छतरपुर गांव निवासी रंजय कुमार शामिल है। खुदवां थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे तृतीय चरण के पैक्स चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक तेज रफ्तार से खुदवां बाजार की तरफ से आ रही थी। शक पर उसे रामनगर गांव के पास औरंगाबाद पचरूखिया रोड पर हनुमान मंदिर के पास रोका गया। तलाशी की गई तो बाइक चालक भूषण यादव के कमर से एक पिस्टल बरामद हुआ। बाइक चालक भूषण के साथ रंजय कुमार भी था। जिसके पास से कारतूस, एक मैगजीन के साथ 2 स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। अवैध हथियार बरामद होते ही दोनों लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों के बाइक से साथ थाना लाया गया। प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भूषण यादव पर कई मामले दर्ज है। उसका अपराधी इतिहास भी खुदवां थाने में दर्ज है। जिसमें हत्या से लेकर रंगदारी मांगने तक के मामले हैं। गिरफ्तार भूषण यादव पर खुदवां थाने में आधा दर्जन से ऊपर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें 2022 में हत्या, 2024 में धमकी और 2018-2022 और 2024 में आर्म्स एक्ट के साथ शराब बिक्री करने के मामले सहित आधा दर्जन से ऊपर मामले दर्ज हैं।

# चुनावी रंजिश में गोलाबारी, पुलिस कर्मियों पर हमला, 12 अभियुक्त गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पैक्स चुनाव में विधि-व्यवस्था भंग करने और पुलिस पर हमला मामले में 12 अभियुक्तों को मुफ्फसिल थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के भरथौली गांव निवासी राजेश कुमार सिंह, राहुल सिंह, स्वर्णजीत सिंह, राजु कुमार, भोला राम, निखिल कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, रवि भूषण कुमार, पप्पु कुमार सिंह, रत्नेश कुमार सिंह, राजकुमार सिंह एवं रायपुरा गांव निवासी मनीष कुमार सिंह के रूप में की गई हैं। दरअसल घटना 29 नवंबर की हैं जिसमें थाना क्षेत्र के भरथौली गांव में वर्तमान पैक्स अध्यक्ष एवं विपक्षी उम्मीदवार के बीच चुनावी रंजिश को लेकर गोलाबारी की सूचना मिली जिसके आलोक में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस पर दोनों पक्ष से आरोपियों ने हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस पदाधिकारी और कर्मी घायल हो गए जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस दौरान मामले की सूचना पर पुलिस मुख्यालय से पहुंचे बलों ने यथा स्थिति पर काबू पाया गया। वहीं घटना को लेकर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। संदर्भ में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस दौरान तीन अभियुक्त शराब के नशे में पाये गये। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि चुनावी रंजिश में गोलाबारी और पुलिस पर हमला मामले में 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के बाद गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों को चिन्हित कर जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जायेगी।